www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-30 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • रविवार 5 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • मुख्य सम्पादक : अर्शदीप सिंह समर

# जालंधर में 'आई लव मुहम्मद' का मुद्दा गरमाया मशहूर चौक पर भारी पुलिस बल तैनात

**जालंधर (समर ब्यूरो)** : जालंधर में 'आई लव मुहम्मद' के मुद्दे पर हुए विवाद के खिलाफ हिंदू संगठनों ने श्रीराम (कंपनी बाग) चौक पर धरना दिया है। हिंदू नेता सड़क पर तंबू लगाकर बैठे हैं और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दोषियों की गिरफ्तारी के लिए आज तक का समय दिया है।

धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। भाजपा नेता शीतल अंगुराल और कई अन्य नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए हैं।

यह विवाद शुक्रवार शाम को तब भड़क गया जब प्रेस क्लब के पास मुस्लिम और हिंदू गुटों के बीच झगड़ा हो गया। दरअसल, ऑल इंडिया उलेमा के सदस्य कमिश्नर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। इसी बीच, पोस्ट ऑफिस के पास स्कूटर चला रहे योगेश नाम के एक युवक ने भीड़ में 'अल्लाहु अकबर' का नारा सुना और 'जय श्री राम' का नारा लगा दिया। इसके बाद




माहौल तनावपूर्ण हो गया। योगेश का आरोप है कि मुस्लिम युवकों ने उनके स्कूटर को घेर लिया, उन्हें धक्का दिया और पीटा। उनका यह भी आरोप है कि उन्हें जबरन 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाने के लिए कहा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। जब उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उनकी पिटाई की गई।

हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन

इस घटना के प्रकाश में आते ही हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने पहले प्रेस क्लब चौक और फिर बी.एम.सी. चौक को जाम कर दिया, जिससे देर शाम तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। उनकी मांग पर पुलिस ने मुस्लिम पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। हालाँकि, दोषियों की गिरफ्तारी की शर्त पर यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया।

मुस्लिम पक्ष का तर्क और एफआईआर

मुस्लिम पक्ष की ओर से ऑल इंडिया उलेमा के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर अली ने इस मामले में सफाई दी। उन्होंने कहा कि वह देश में मुसलमानों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि एक व्यक्ति ने उन्हें देखा और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। उन्होंने मारपीट के आरोपों को झूठा बताया और कहा कि चोरी हुए स्कूटर की चाबी वापस कर दी गई है।

# ट्रंप का 'गाजा पीस प्लान' लॉन्च

## » भारत हर शांति प्रयास के साथ, संवाद से निकालो समाधान : पी.एम. मोदी



**गाजा (समर ब्यूरो)** : गाजा में जारी संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक 'गाजा पीस प्लान' पेश किया है। ट्रंप ने कहा, "अब समय है कि हम राजनीति से ऊपर उठकर इंसानियत को प्राथमिकता दें। गाजा के निर्दोष लोगों को और पीड़ा न झेलनी पड़े। इस योजना का उद्देश्य इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम स्थापित कर मानवीय राहत बहाल करना है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अगर सभी पक्ष सहमत हों, तो गाजा में 72 घंटे का प्रारंभिक युद्धविराम लागू किया जा सकता है।

इस योजना में शामिल प्रमुख प्रस्ताव हैं हमास द्वारा बंधकों की चरणबद्ध रिहाई, गाजा में अंतरराष्ट्रीय निगरानी में राहत आपूर्ति, मास और फिलिस्तीनी पक्ष की प्रतिक्रिया, और इजरायल-फिलिस्तीन संवाद की बहाली। हमास ने इस योजना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह बंधकों की रिहाई और सत्ता हस्तांतरण पर तैयार है, लेकिन योजना के अन्य पहलुओं पर "अभी और विचार-विमर्श की आवश्यकता" है।फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि किसी भी स्थायी शांति के लिए इजरायली कब्जे का अंत अनिवार्य है।

संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने ट्रंप की पहल को "सही दिशा में प्रारंभिक कदम" बताया। इजरायल ने कहा कि वह किसी भी समझौते पर तभी विचार करेगा जब सभी बंधकों को बिना शर्त रिहा किया जाएगा।भारत ने अपनी पारंपरिक नीति दोहराई कि वह "दो-राष्ट्र समाधान" का समर्थन करता है, जहां इजरायल और फिलिस्तीन दोनों सुरक्षित सीमाओं में शांतिपूर्वक रह सकें। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "गाजा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति के बीच भारत ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,"भारत शांति की दिशा में किए गए सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा।"उन्होंने कहा कि "विश्व में स्थायी शांति केवल संवाद से ही संभव है, संघर्ष से नहीं।" हमास की ओर से इजरायली बंधकों की रिहाई के संकेत एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम हैं। मोदी ने इसे "क्षेत्र में स्थायी शांति बहाल करने की दिशा में आशा की किरण" बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत हिंसा या आतंक के किसी रूप का समर्थन नहीं करता और वह मध्य पूर्व में स्थायी शांति, संवाद और स्थिरता के लिए निरंतर सहयोग देगा। भारत ने पहले ही गाजा में मानवीय सहायता भेजने की घोषणा की थी, जिसमें दवाइयां, खाद्य सामग्री और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं।

# पंजाब की तरक्की में दुश्मनों वाली भूमिका निभा रही हैं विपक्षी पार्टियां : मुख्यमंत्री

## » लेहरा विधानसभा क्षेत्र को 20.61 करोड़ रुपए के प्रोजेक्टों का तोहफा

**संगरूर, 4 अक्टूबर** : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज विपक्षी पक्ष की ओर से अपने निजी राजीनीति हितों के लिए प्रदेश की तरक्की में रुकावटें पैदा करने की सख्त आलोचना की है। मुख्यमंत्री ने आज यहां कई विकास प्रोजेक्टों को समर्पित करने के बाद एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने पंजाब और पंजाबियों के प्रति संकीर्ण सोच रखी हुई है। विपक्षी पक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता बौखलाहट में आकर सरकार को बदनाम करने की बेतुकी कोशिशें कर रहे हैं लेकिन किसी भी मुद्दे की घाट के कारण बुरी तरह असफल रहे हैं।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि विपक्षी पक्ष के नेता चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री रिहायश पर वापसी के लिए नजरें गाड़े बैठे हैं, लेकिन उनकी किस्मत रूठी हुई है क्योंकि उन्होंने सत्ता में रहते हुए लोगों की इच्छाओं को लगातार नजरअंदाज किया। एक कलाकार के तौर पर विपक्षी नेता की रैलियों में शामिल होने के पुराने दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उनके बुरे कामों से अच्छी तरह से परिचित हैं और अब उनके पिछले पापों का पर्दाफाश करके लोगों आगे सच्चाई का खुलासा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सूझवान लोग पहले ही इनराजनीतिक नेताओं को इनके गुनाहों के लिए बाहर का रास्ता दिखा चुके हैं और वह उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इन नेताओं ने प्रदेश और इसके लोगों की पीठ में छुरा घोंपा है और अब वह अपने पापों की कीमत चुका रहे हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने लेहरा में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) के नए कार्यालय कॉम्प्लेक्स का नींव पत्थर रखा। उन्होंने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स में 10,000 वर्ग फुट का बिल्ट-अप एरिया होगा और ये 2.34 एकड़ जमीन में फैला होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स की कुल लागत 4.69 करोड़ रुपए होगी और ये प्रोजेक्ट 18 महीनों के अंदर पूरा होने की उम्मीद है।

भगवंत सिंह मान ने लेहरागगा में 15.92 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नए तहसील कॉम्प्लेक्स का नींव पत्थर भी रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्रोजेक्ट 30 जुलाई, 2026 से पहले पूरा होगा और इमारत का कवर्ड एरिया 51,881 वर्ग फुट होगा।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस हॉल में लोग बहुत कम कीमत पर सामाजिक, धार्मिक और अन्य समागम कर सकते हैं



और गरीब और जरूरतमंद लोगों से कोई फीस नहीं ली जाती। वर्णनीय है कि इस कॉम्प्लेक्स का नाम सौरभ गोयल की याद में रखा गया है जो कि समाज सेवी नौजवान सेवक और कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल जी के पुत्र थे।इस मौके कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, बरिंदर कुमार गोयल और हरदीप सिंह मुंडियां मौजूद थे।

# बिहार चुनाव 2025 पर ईसी की बैठक, बीजेपी ने की दो चरणों में मतदान की मांग




**पटना (समर ब्यूरो)** : बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए चुनाव आयोग ने आज राजधानी पटना के ताज होटल में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने की। भाजपा ने राज्य में दो चरणों में मतदान कराने की मांग रखी, जबकि अन्य दलों ने भी अपने सुझाव दिए। माना जा रहा है कि आयोग अगले एक हफ्ते में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

**बीजेपी की मुख्य मांगें** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक में कहा कि राज्य में चुनाव सिर्फ दो चरणों में कराए जाएं। उन्होंने तर्क दिया कि ज्यादा चरणों से मतदाताओं को दिक्कत होती है और उम्मीदवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। जायसवाल ने यह भी सुझाव दिया कि चुनाव की घोषणा के 28 दिनों के भीतर मतदान प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने अति पिछड़े गांवों में पैरामिलिट्री बल की तैनाती और वोटर पर्ची समय पर पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की।

**बैठक में शामिल दल और नेता** : आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों से अधिकतम तीन प्रतिनिधियों के साथ शामिल होने का आग्रह किया था। बैठक में भाजपा के दिलीप जायसवाल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और शकील अहमद खान, आरजेडी सांसद अभय कुशवाहा और चितरंजन गगन, जेडीयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, आप, बीएसपी के शंकर महतो, लोजपा सहित 12 दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा इंतजाम और आचार संहिता पर विस्तृत चर्चा हुई। होटल ताज के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।

**पिछले चुनावों का संदर्भ** : बिहार में विधानसभा चुनाव आमतौर पर कई चरणों में कराए जाते रहे हैं। 2020 में चुनाव तीन चरणों में संपन्न हुए थे, जबकि 2015 में पांच चरणों में मतदान हुआ था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार चुनाव दो से तीन चरणों में हो सकते हैं, हालांकि अंतिम फैसला आयोग ही करेगा।

**आगे की कार्ययोजना** : चुनाव आयोग की टीम 4 और 5 अक्टूबर को पटना में वरिष्ठ अधिकारियों, जिलाधिकारियों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी/एसएसपी) के साथ अलग-अलग बैठकें करेगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़े ऐलान की संभावना है। 243 विधानसभा सीटों पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी रणनीतियां तेज कर दी हैं। आयोग ने मतदाता सूची को 30 सितंबर तक अंतिम रूप दे दिया है।

# एजीटीएफ टीम ने गैंगस्टर विक्की निहंग का किया एनकाउंटर, पैरों पर लगी 2 गोलियां

**लुधियाना (अशवनी पाहवा)**



लुधियाना के देहाती इलाके जगराओं के बंसीपुरा में शनिवार की सुबह एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक गैंगस्टर का एनकाउंटर किया है। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर को रोकने के लिए पुलिस ने स्पेशल नाका लगाया हुआ था। जहां पुलिस टीम को देखकर गैंगस्टर ने उनपर गोली चला दी, जवाबी फायर में गैंगस्टर के दो गोलियां लगी है जिसे जख्मी हालत में जगराओं के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ विक्की ने बताया जा रहा है। वह गैंगस्टर डोनी बल और मुन्ना घनश्यामपुरिया का करीबी है। जिसने 23 अगस्त को शनिवार की रात लुधियाना के सुंदर नगर इलाके में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर कार्तिक बग्गन की गोलियां मारकर उसकी हत्या को अंजाम दिया था। इस केस पुलिस ने 3 लोगो को गिरफ्तार किया था जबकि विक्की निहंग सहित अन्य कई फरार थे। एजीटीएफ टीम को सूचना मिलेगी कि गैंगस्टर विक्की निहंग उक्त बंसीपुरा के इलाके में दिखाई दिया है, जहां पुलिस ने हाइवे के नजदीक सुआ रोड पर नाका लगाया हुआ था।

# मोहाली कोर्ट का बड़ा फैसला : गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और 3 साथी बरी

**मोहाली (ब्यूरो)**। मोहाली कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके 3 साथियों को बरी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और 3 सह-आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में बरी कर दिया है, जबकि एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए 3 साल जेल की सजा सुनाई गई है। सोहाना पुलिस स्टेशन में 2022 में शुरू हुए इस मुकदमे में 5 आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, असीम उर्फ हशम बाबा, दीपक, विक्रम सिंह उर्फ विक्की और सोनू शामिल थे। अदालत ने लॉरेंस बिश्नोई, असीम, दीपक और विक्की को सभी आरोपों से बरी कर दिया क्योंकि पुलिस अदालत में चारों आरोपियों के खिलाफ सबूत पेश करने में विफल रही। हालांकि, मेरठ निवासी



सोनू को 3 साल जेल और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अगर वह जुर्माना नहीं भरता है, तो उसकी जेल की अवधि एक महीने के लिए बढ़ा दी जाएगी। अदालती कार्यवाही के दौरान, बचाव पक्ष के वकील करण सौफत ने तर्क दिया कि बिश्नोई और अन्य के खिलाफ मामला इसलिए बंद कर दिया गया क्योंकि जांच अधिकारी ने अपनी गवाही पूरी नहीं की थी। अदालत ने कहा कि उसके आंशिक बयान को वैध साक्ष्य नहीं माना जा सकता। सरकार ने बरामदगी के एक गवाह, सब-इंस्पेक्टर दीपक सिंह के बयान पर भरोसा किया, जिसने पुष्टि की कि सोनू के पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए थे। सोनू के खिलाफ आरोप साबित करने में उसकी गवाही अहम साबित हुई। सोनू की गिरफ्तारी के बाद, जांचकर्ताओं ने उसका बयान दर्ज किया और दीपक पुंडीर उर्फ दीपू को गिरफ्तार कर लिया। बाद में, विक्रमजीत सिंह को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने असीम उर्फ हाशम बाबा का नाम लिया। इस बीच, बिश्नोई, असीम, दीपक और विक्की को मामले से बरी कर दिया गया क्योंकि उनके आरोप साबित नहीं हुए थे।

# कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, 2 की मौत, 5 छात्र गंभीर

## » शवों के चीथड़े उड़े, बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं

**फर्रुखाबाद (ब्यूरो)**। यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई। जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लास्ट में लाइब्रेरी के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। लाइब्रेरी में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक

**ये बच्चे ब्लास्ट में हुए घायल**



रिदम अंशिका निखिल

अभय पीयूष

टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार, एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। मामला सातनपुर मंडी के पास स्थित द सन क्लासेस लाइब्रेरी का है। वहीं, सीएचसी कमालगंज के डॉ. विकास पटेल ने बताया कि विस्फोट में 5 बच्चे घायल हुए हैं। इनमें 3 का लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। 2 को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने, राहत कार्यों में तेजी लाने और घायलों का जल्द और उचित इलाज देने के निर्देश दिए हैं। फर्रुखाबाद की एसपी आरती सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में बेसमेंट में मीथेन गैस की ज्यादा मात्रा का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा बेसमेंट में स्विच बोर्ड भी मौजूद थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों के संपर्क में आने से ये विस्फोट हो सकता है। हालांकि, पुलिस सही कारणों की जांच कर रही है। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# 2 साल से छोटे बच्चों को न दें 'खांसी की दवाई'

## » केंद्र सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (समर ब्यूरो)** : केंद्र सरकार ने देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक अहम एडवाइजरी जारी की है। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप नहीं देनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने यह सलाह ऐसे समय में दी है, जब मध्य प्रदेश में कथित तौर पर दूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की खबरें आई थीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश में जांचे गए किसी भी सिरप के नमूने में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल नहीं पाया गया। ये दोनों तत्व किडनी को गंभीर नुकसान पहुँचा सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि सामान्य तौर पर 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी कफ सिरप के इस्तेमाल की सिफारिश नहीं की जाती है। बुजुर्गों (वृद्ध लोगों) के लिए भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उनके लिए कफ सिरप का उपयोग डॉक्टर के सही मूल्यांकन, कड़ी निगरानी और खुराक के सख्त पालन पर ही आधारित होना चाहिए।




स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की डॉक्टर सुनीता शर्मा द्वारा जारी इस परामर्श में लोगों को डॉक्टरों के नुस्खे (पर्चे) का पालन करने के लिए जागरूक करने को कहा गया है। इसमें बच्चों को कफ सिरप देने से पहले डॉक्टरी सलाह पर जोर दिया गया है। एडवाइजरी में यह भी बताया गया है कि बच्चों में होने वाली गंभीर खांसी की बीमारियाँ ज्यादातर दवा के बिना भी अपने आप ठीक हो जाती हैं।

डॉक्टरों और दवा विक्रेताओं के लिए जारी किए निर्देश

परामर्श में सभी स्वास्थ्य केंद्रों और क्लीनिकों से कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे केवल सही ढंग से तैयार किए गए उत्पादों को ही खरीदें और बेचें। एडवाइजरी में कहा गया है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के डॉक्टरों और दवा विक्रेताओं का जागरूक होना बहुत जरूरी है, ताकि देखभाल के इन मानकों को बनाए रखा जा सके। सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभागों और जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को यह सलाह सरकारी दवाखाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में तुरंत लागू करने और प्रसारित करने का निर्देश दिया गया है।

सिरप की हुई थी गहन जाँच

दूषित सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन जैसी संस्थाओं की एक संयुक्त टीम को मध्य प्रदेश भेजा था। इस टीम ने विभिन्न कफ सिरप के नमूने इकट्ठे किए। जाँच के परिणामों में मंत्रालय ने पुष्टि की कि किसी भी नमूने में किडनी को गंभीर नुकसान पहुँचाने वाले तत्व डी.ई.जी. या ई.जी. नहीं पाए गए। राजस्थान से दूषित सिरप की खबरों पर भी मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि संदिग्ध उत्पाद में प्रोपिलीन ग्लाइकॉल नहीं था, जो डी.ई.जी./ई.जी. संदूषण का संभावित स्रोत होता है।

# चंडीगढ़ क्लब को फिर नोटिस, 8.5 एकड़ में की वॉयलेशन हटाने के आदेश

**चंडीगढ़ 4 अक्टूबर (हरजीत मठारू)** : सेक्टर-1 स्थित चंडीगढ़ क्लब को एस्टेट ऑफिस ने एक बारफिर नोटिस भेजा है। एस्टेट ऑफिसर कम डीसी निशांत कुमार यादव ने चंडीगढ़ क्लब को नोटिस भेजकर एक महीने के अंदर यानी 25 अक्टूबर तक क्लब के अंदर व बाहर हुए बिल्डिंग वॉयलेशन को हटाने के आदेश जारी किये हैं। अगर चंडीगढ़ क्लब प्रबंधन 25 अक्टूबर तक एस्टेट ऑफिस द्वारा बताई बिल्डिंग वॉयलेशन को नहीं हटाता है तो उस पर दोबारा एक्शन होगा। इस बार एस्टेट ऑफिस चंडीगढ़ का एक्शन क्लब के अंदर देखने को मिलेगा। बता दें बीते दिनों एस्टेट ऑफिस ने चंडीगढ़ क्लब द्वारा 5 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्ज कर निर्माण करने पर कार्रवाई की थी। क्लब के साथ लगती पांच एकड़ सरकारी जमीन पर गैर कानूनी ढंग से शेड और किचन बनाई गई थी। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि एरिया एसडीएम, एसडीओ बिल्डिंग, बिल्डिंग ब्रांच और एनक्रोचमेंट टीम ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। डीसी ने बताया कि प्रशासन की ओर से चंडीगढ़ क्लब प्रबंधन को यह जमीन लीज पर दी गई है। चंडीगढ़ क्लब 8.5 एकड़ जमीन पर बना हुआ है। रिपोर्ट में इस 8.5 एकड़ जमीन पर बने चंडीगढ़ क्लब के अंदर और बाहर के इलाके में भी बिल्डिंग वॉयलेशन की गई है।




# चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में कैदियों के बीच झड़प, 'एक घायल'




चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठाड़ू): चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई, जिसमें शुभम नाम के एक कैदी के सिर में चोट लग गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में दो कैदी आपस में भिड़ गए। पुलिस ने झड़प में शामिल आरोपी रजत तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा की हालत गंभीर डॉक्टरों ने जताया ऑर्गन फेलियर का खतरा



**मोहाली, (गुरशरण सिंह)**

----------------------

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में आठवें दिन भी वेंटिलेटर पर हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है और जवंदा की हालत में उम्मीद के हिसाब से सुधार नहीं हुआ है। उनके शरीर के अंग सामान्य रूप से काम नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनके सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ऑर्गन फेलियर का खतरा बना हुआ है।

गौरलतब है कि राजवीर जवंदा 27 सितंबर को भयानक हादसे का शिकार हो गए थे। इस हादसे में उनके सिर और रीढ़ की हड्डी को काफी नुकसान पहुंचा है। फैंस और परिवार वाले उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं।

# एच. राजेश प्रसाद चंडीगढ़ के नए मुख्य सचिव नियुक्त



चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठाड़ू): पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में प्रशासनिक विभाग में नए अधिकारी की नियुक्ति हुई है। साल 1995 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश प्रसाद को चंडीगढ़ के नए मुख्य सचिव के तौर पर नियुक्त किया गया है।पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में प्रशासनिक विभाग में नए अधिकारी की नियुक्ति हुई है। साल 1995 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश प्रसाद को चंडीगढ़ के नए मुख्य सचिव के तौर पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वह जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। कर्नाटक में 1 जून 1967 को जन्मे आईएएस अधिकारी एच राजेश प्रसाद ने शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं में अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बी कॉम की पढ़ाई के बाद एलएलबी की डिग्री ली और इसके बाद इग्नू व पांडूचेरी यूनिवर्सिटी से फाइनेंस और पब्लिक मैनेजमेंट में एमबीए किया। साल 1995 बैच के आईएएस अधिकारी प्रसाद ने अपने करियर की शुरुआत जिला कलेक्टर के रूप में अरुणाचल प्रदेश से की। इसके बाद वह साउथ दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर भी रहे। दिल्ली प्रशासन में रहते हुए उन्होंने शहरी विकास, व्यापार एवं कर विभाग में आयुक्त का पद संभाला। आगे चलकर वे दिल्ली के शिक्षा विभाग और शहरी विकास विभाग में प्रिंसिपल सेक्रेटरी के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# मोहाली की मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा हैः डी.सी कोमल मित्तल

मोहाली, 4 अक्टूबरः (परदीप सिंह हैप्पी): मोहाली में धान की खरीद सभी खरीद केंद्रों पर पारदर्शी और किसान-हितैषी तरीके से सुचारू रूप से चल रही है। उपायुक्त कोमल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिन की खरीद रिपोर्ट के अनुसार, जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है, जिसमें 2,01,199 मीट्रिक टन की क्षमता के मुकाबले 39,553 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जबकि उठान दर 150 प्रतिशत है। एजेंसी-वार प्रगति बताते हुए, डीसी मित्तल ने आगे कहा कि पनग्रेन प्रदर्शन में अग्रणी है, जिसने 79,086 मीट्रिक टन के खरीद लक्ष्य के मुकाबले अब तक 14,960 मीट्रिक टन की खरीद की है, जबकि उठान दर 249 प्रतिशत दर्ज की गई है। एजेंसी ने 33.43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जबकि 2,01,199 मीट्रिक टन का भुगतान किया गया था। 10.00 करोड़ रुपये, जो 48 घंटों के भीतर 334 प्रतिशत भुगतान पूरा होने का संकेत देता है। इसी प्रकार, मार्कफेड ने 50,812 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 10,240 मीट्रिक टन की खरीद की है, जिससे उठान दर 69 प्रतिशत और भुगतान प्रगति 220 प्रतिशत है। इसी प्रकार, पनसप और पंजाब राज्य गोदाम निगम ने क्रमशः 8557 मीट्रिक टन और 5446 मीट्रिक टन की खरीद के साथ 85 प्रतिशत और 130 प्रतिशत की उठान दर दिखाई है, जिससे भुगतान 229 प्रतिशत और 256 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सभी एजेंसियों की कुल भुगतान स्थिति 31.84 करोड़ रुपये के बकाया के मुकाबले 83.56 करोड़ रुपये है, जो 48 घंटों के भीतर 262 प्रतिशत भुगतान दर दर्शाता है। उपायुक्त कोमल मित्तल ने किसानों को परेशानी मुक्त खरीद और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड और जिला अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सुचारू खरीद कार्य जारी रखने तथा किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।



# पुलिस ने छात्रों को नशा न करने और यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया

मोहाली, 4 अक्टूबरः (परदीप सिंह हैप्पी): हरमनदीप सिंह हंस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसएएस नगर, श्री नवनीत सिंह महल, पुलिस अधीक्षक यातायात, ने नशे के विरुद्ध "नशे के विरुद्ध युद्ध" अभियान के अंतर्गत दिए गए दिशा-निर्देशों और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के अंतर्गत, करनैल सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा छात्रों को नशा न करने और यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने हेतु चंडीगढ़ विश्वविद्यालय परिसर, अजीजपुर टोल प्लाजा, एसएएस नगर में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, यातायात नियमों का पालन करने और खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस सेमिनार के दौरान, स्कूली छात्रों को सही लेन में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और लेन बदलते समय इंडिकेटर का उपयोग करने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही, छात्रों को यह भी बताया गया कि यदि आप गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत पहली बार ऐसा करने पर 5000 रुपये और दूसरी बार ऐसा करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना और 6 महीने तक की जेल हो सकती है। साथ ही, लाइसेंस 3 महीने के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। यदि आप गाड़ी चलाते समय ओवरस्पीड करते हैं, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 183 के तहत पहली बार ऐसा करने पर 2,000 रुपये और दूसरी बार ऐसा करने पर 4,000 रुपये का जुर्माना और 3 महीने के लिए लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर, "चंडीगढ़ विश्वविद्यालय परिसर, अज़ीज़पुर टोल प्लाजा के पास, एस. ए. एस. नगर" के प्रधानाचार्य और अन्य कर्मचारियों ने इस जागरूकता सेमिनार के आयोजन के लिए डीएसपी ट्रैफिक का धन्यवाद किया। अंत में, पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक एस. करनैल सिंह ने सभी छात्रों को खेलों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




# फेस 11 की फल-सब्जी मंडी को बेचना बेतुका : सुंदर लाल

**मोहाली 4 अक्टूबर (हरजीत मठाड़ू)** : भारतीय जनता पार्टी, व्यापार मंडल ,मोहाली के संयोजक श्री सुन्दर लाल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर के पंजाब सरकार के उस फैसले की निंदा की है जिसके द्वारा फैस 11 स्थित एशिया की पहली ऐ. सी. फल और सब्जी मंडी को पुडा के पास बेचने का निर्णय लिया गया है। अग्रवाल ने कहा कि यहां पर जो लोग शो रूम खरीद कर बिजनेस कर रहे हैं,उनको भारी नुकसान होगा। क्योंकि उनकी रोटी रोजी का और कोई साधन नहीं है! छोटे दुकानदार यहां से सामान लेकर आगे बेचते हैं। उनको अब रोज चंडीगढ़ सामान खरीदने के लिये जाना पड़ेगा। जिस से ज्यादा पैसा तो लगेगा ही, अपितु समय भी नष्ट होगा। अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में सरकार का वित्तीय प्रबंधन ठीक नहीं है !जिस कारण सरकारी जायदाद बेच कर पैसे कमाने के लिए ऐसे दुर्भाग्य पूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। मंडी बोर्ड के कर्मचारी और व्यापारी इस फैसले के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दे रहे है। क्योंकि इस निर्णय से उनको बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि सरकार यह फैसला वापिस ले। नहीं तो भाजपा पुरजोर आंदोलन



### ईडी की अंसल समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पंजाब समेत कई जगहों पर संपत्तियां जब्त

**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठाड़ू)**

----------------------------

अंसल समूह के खिलाफ ईडी द्वारा बड़ी कार्रवाई की खबर सामने आई है। ईडी ने पंजाब समेत कई जगहों पर इस समूह की संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने पीएमएलए, 2002 के तहत लुधियाना (पंजाब), गुरुग्राम (हरियाणा) और ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में स्थित 10.55 करोड़ रुपये मूल्य की छह अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनका स्वामित्व आरोपी कंपनी, मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एपीआईएल) के निदेशकों/शेयरधारकों/लाभार्थी स्वामियों, अर्थात् सुशील अंसल, प्रणव अंसल एंड संस एचयूएफ, और कुसुम अंसल के पास है।

यह मामला जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के उल्लंघन से उत्पन्न धन शोधन से संबंधित है। जब्त की गई संपत्तियों में वाणिज्यिक इकाइयां और कार्यालय परिसर शामिल हैं।

# मोहाली पुलिस ने 3 महीने में 100 से ज़्यादा भगोड़े अपराधियों को किया गिरफ्तार

मोहाली, 4 अक्टूबरः (परदीप सिंह हैप्पी): मोहाली पुलिस द्वारा दुष्ट तत्वों और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले तीन महीनों में 100 से ज़्यादा भगोड़ों (पी.ओज.) को गिरफ्तार कर न्याय के कटघरे में लाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भगोड़ों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पी.ओ. स्टाफ तैनात किया गया है, जिसका मुख्य दायित्व केवल भगोड़ों की तलाश और गिरफ्तारी करना है। उन्होंने बताया कि यह सफलता प्रभारी थानेदार बलविंदर सिंह (पी.ओ. स्टाफ मोहाली) और पुलिस अधीक्षक (जांच) सौरव जिंदल और उप पुलिस अधीक्षक




(विशेष अपराध) नवीनपाल सिंह लेहल की देखरेख में गठित सभी टीमों को मिली है। इस अवधि के दौरान गिरफ्तार किए गए 100 से ज़्यादा भगोड़ों में विभिन्न गंभीर अपराधों में शामिल लोग शामिल हैं - जिनमें हत्या के 2 मामले, हत्या के प्रयास के 2 मामले, एनडीपीएस अधिनियम के तहत 7 मामले, धोखाधड़ी के 7 मामले, डकैती/चोरी के 29 मामले, दुर्घटना के 19 मामले, आबकारी अधिनियम के 11 मामले और अन्य 24 मामले शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस ने कहा कि मोहाली पुलिस द्वारा यह अभियान भविष्य में भी और ज़ोर-शोर से जारी रखा जाएगा ताकि हर भगोड़े को कानून के दायरे में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि ज़िले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर अपराधी से सख्ती से निपटा जाएगा।

# उत्कृष्ट सामुदायिक सेवाओं के लिए डॉ अनिल कुमार पाण्डेय को कुलपति ने किया सम्मानित

**पंचकूला, 4 अक्टूबर (समर ब्यूरो)**: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-1, पंचकूला के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में असाधारण योगदान, उत्कृष्ट नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रशस्ति सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान सत्र 2024–25 के दौरान एनएसएस के अंतर्गत आयोजित सामाजिक, पर्यावरणीय, शैक्षिक एवं जनकल्याणकारी अभियानों के सफल आयोजन तथा विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण की चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में उनके उल्लेखनीय योगदान की मान्यता स्वरूप दिया गया। डॉ. पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को सामुदायिक सेवा, जन जागरूकता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कॉलेज की एनएसएस इकाई -1 ने स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण, साइबर जागरूकता और आपदा प्रबंधन जैसे विविध सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी की है। विशेष उल्लेखनीय है कि डॉ. पाण्डेय नई दिल्ली में आयोजित 76 वें गणतंत्र दिवस परेड समारोह में एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, दिल्ली का बतौर दल-नायक नेतृत्व कर चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज, बल्कि संपूर्ण हरियाणा राज्य के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि किसी कार्यक्रम अधिकारी को यह जिम्मेदारी विरले ही प्राप्त होती है। डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में कॉलेज की एनएसएस इकाई - 1 ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्हें पूर्व में भी राज्य और विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न आयोजनों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. पाण्डेय का यह सम्मान उनके समर्पण, कार्यनिष्ठा और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। उनका यह गौरवपूर्ण योगदान हमारे कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ पाण्डेय की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राध्यापकों समेत गैर शैक्षणिक स्टॉफ और एनएसएस स्वयंसेवकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




# पंजाब पुलिस द्वारा 2.6 किलो हेरोइन समेत 82 नशा तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठाड़ू) : प्रदेश से नशों के पूरी तरह ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे ''युद्ध नशों विरुद्ध'' के 217वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 388 स्थानों पर छापेमारी की। इसके बाद पूरे राज्य में 63 एफआईआर दर्ज कर 82 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार 217 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 31,835 हो गई है। इन छापों के नतीजे स्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.6 किलो हेरोइन, 2078 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 29,450 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार की ओर से नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी बनाई गई है। इस ऑपरेशन के दौरान 72 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें राज्यभर में 388 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि पूरे दिन चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 370 संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच भी की। यह उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-सूत्रीय रणनीति - प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम (इडीपी) लागू की है। इस रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 46 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# पंजाब सरकार ने सेफ़ स्कूल वाहन नीति को सख्ती से लागू किया

## » बच्चों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता : डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़, 4 अक्तूबर (ब्यूरो)**: स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार ने सेफ़ स्कूल वाहन नीति को पूरे राज्य में ज़ोर-शोर से लागू किया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि स्कूल वाहनों की सख़्त निगरानी और सेफ़ स्कूल वाहन नीति को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि 2022 से जुलाई 2025 तक, पंजाब भर में कुल 13,819 स्कूल वाहनों की जाँच की गई, जिनमें से 4,351 वाहनों के चालान काटे गए और 87 वाहनों को जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि सर्दी और धुंध के मौसम को ध्यान में रखते हुए, अगस्त महीने में एक विशेष ड्राइव चलाई गई, जिसके दौरान 1,486 स्कूल वाहनों की जाँच की गई और 561 चालान जारी किए गए। ख़ास तौर पर, इस मुहिम के दौरान 187 स्कूलों में भी जाँच की गई। नीति के नियमों की जानकारी देते हुए, डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सभी स्कूल वाहन पीले रंग के होने चाहिए, उनमें कार्यशील आपातकालीन निकास द्वार होना चाहिए, सभी सीटें आगे की ओर होनी चाहिए, टेम्पर-प्रूफ़ स्पीड गवर्नर लगे होने चाहिए और दरवाज़ा खुलते ही हैज़र्ड लाइट अपने आप जलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों के पास अपडेटेड आर.सी., बीमा, फिटनेस



सर्टिफिकेट और परमिट होना चाहिए। ड्राइवर व कंडक्टर के पास वैध लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट और कम-से-कम पाँच साल का ड्राइविंग अनुभव होना अनिवार्य है। उन्होंने आगे बताया कि इस नीति के तहत सामाजिक सुरक्षा विभाग ने शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग और ट्रैफ़िक पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त समिति बनाई है, जो स्कूल वाहनों की निगरानी करती है और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

डॉ. बलजीत कौर ने ज़ोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने कहा— "हर संभव कदम उठाया जा रहा है ताकि बच्चों का स्कूल जाना सुरक्षित, सुखद और जोखिम-रहित बना रहे।"

उन्होंने कहा कि राज्य का हर नागरिक स्कूल वाहनों से जुड़ी किसी भी सुरक्षा समस्या की सूचना ज़िला चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, चाइल्ड वेलफ़ेयर कमेटी या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को दे सकता है। अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को केवल उन्हीं स्कूल वाहनों में बैठाएँ, जो सेफ़ स्कूल वाहन नीति के नियमों का पालन करते हैं। सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए, डॉ. बलजीत कौर ने कहा— "बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पंजाब सरकार की मुहिम बच्चों की ज़िंदगियों की रक्षा करने और हर स्कूल यात्रा को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक निर्णायक क़दम है।"

## श्री दरबार साहिब के पास होटल में चलीं गोलियां



पंजाब में एक बार फिर फायरिंग की वारदात सामने आई है। श्री दरबार साहिब के पास ढोली मोहल्ला स्थित एक होटल रॉयल इन में बीती रात एक युवक पर हमला और गोली चलाने का मामला सामने आया है। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है और जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लवप्रीत सिंह नाम के एक युवक ने 2-3 दिन पहले ही रॉयल इन होटल किराए पर लिया था। उन्होंने बताया कि कल देर रात कुछ अज्ञात युवक उनके होटल में घुस आए और काउंटर पर बैठे युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लवप्रीत सिंह ने बताया कि हमले की तैयारी के बाद उन्होंने एक गोली भी चलाई, जो होटल के शीशे पर लगी और शीशा टूट गया। उन्होंने आगे बताया कि हमलावरों ने घटना के दौरान भारी नुकसान पहुंचाया और ईंट-पत्थर भी फेंके। पुलिस ने बताया कि होटल से फुटेज जब्त कर फोरेंसिक जाँच के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# अमृतसर में ट्राले ने कुचले मोटरसाइकिल सवार

## » अजनाला रोड बाईपास पर बैक करते समय हुआ हादसा » मां-बेटे सहित दोस्त की हुई मौत

अमृतसर में देर रात एक ट्राले ने तीन लोगों को कुचल दिया। अजनाला रोड बाईपास पर हुआ हादसा इतना भयानक था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को कब्जे में लिया और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। जबकि पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने बताया कि ये 18 टायरों वाला ट्राला था, जो माहला की तरफ से अजनाला की तरफ जा रहा था। इस पर लोहे के गार्डर लदे हुए थे। मोटरसाइकिल चालक ट्राले के पीछे-पीछे चल रहे थे। अचानक ही ये ट्राला बैक मार गया और पीछे आ रहे मोटरसाइकिल सवार



इसकी गिरफ्त में आ गए। तीनों ही ट्राले के टायर के नीचे आकर कुचले गए और उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के जानकार पहुंचे, जिनसे इनकी जानकारी हासिल की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। अधिकारी जतिंदर सिंह का कहना है कि फिलहाल शवों को संभाला जा रहा है। उनके कुछ जानकार पहुंचे हैं, उनसे आरोपियों की डिटेल्स अभी ली जानी है। वहीं, पूरी कार्रवाई के बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी। जांच में जिसकी भी गलती हुई, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**मदद के लिए रुका, लेकिन हो चुकी थी मौत : मेयर** : घटना को देख रुके अमृतसर के मेयर मोती भाटिया ने बताया कि वे यहां से गुजर रहे थे। एक्सीडेंट देख उन्होंने अपना काफिला रोक दिया कि अगर कोई घायल है तो उसे अस्पताल पहुंचाया जाए। लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मरने वालों में पता चला है कि दो दोस्त और उनमें से एक की मां भी है।

# पंजाब सरकार 71 शिक्षकों को गौरवमय राज्य शिक्षक पुरस्कार से करेगी सम्मानित : हरजोत सिंह बैंस

**चंडीगढ़, 4 अक्तूबर (ब्यूरो)**: पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की है कि विश्व शिक्षक दिवस (5 अक्तूबर) के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान 71 सरकारी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और विशेष योगदान के लिए गौरवमय राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस का उद्देश्य राज्य के शिक्षा क्षेत्र में इन अध्यापकों के समर्पण और शानदार योगदान को योगदान की प्रशंसा करना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह पुरस्कार केवल शिक्षकों की उपलब्धियों का ही सम्मान नहीं करते, बल्कि उनके उस समर्पण और मेहनत को भी मान्यता देते हैं, जिसके



बल पर वे विद्यार्थियों के सपनों को साकार करते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शक बनते हैं।

स्टेट अवार्डों संबंधी जानकारी साझा करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि 55 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा (जिनमें 34 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और 21 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं)। इसके अतिरिक्त 10 शिक्षकों को यंग टीचर अवार्ड (6 सेकेंडरी और 4 प्राइमरी शिक्षक) दिया जाएगा। तीन शिक्षकों को विशेष शिक्षक पुरस्कार और तीन को उनकी विशिष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए प्रबंधकीय (एडमिनिस्ट्रेटिव) पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पुरस्कार विजेता को मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान एक पदक, शाल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भागतवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान पंजाब का शिक्षा क्षेत्र तेजी से तरक्की कर रहा है ।उन्होंने कहा कि स्टेट टीचर अवार्ड समारोह राज्य सरकार के शिक्षकों की कारगुज़ारी को मान्यता देने और उनको और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करने की वचनबद्धता का प्रमाण है ताकि राज्य के शिक्षा क्षेत्र में उद्यमिता और समर्पण के सभ्याचार को और उत्साहित किया जा सके । जिक्र योग्य है कि पंजाब नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एन ए एस)2024 जिसको राष्ट्रीय प्रशिक्षण सर्वेक्षण भी कहा जाता है में सभी राज्यों को पछाड़ कर अग्रणीय रहा। इसी तरह 11वीं श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता को मुख्य विषय के तौर पर शामिल करने में पंजाब देश भर में पहला राज्य बन गया है। इस विषय को शामिल करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमी मानसिकता को प्रफुलित करना है ताकि वह नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बने। इस वर्ष सरकारी स्कूलों की बड़ी संख्या विद्यार्थियों ने नीट और जे ई ई मेंस एवं एडवांस जैसी कठोर परीक्षाएं में कामयाबी हासिल की है, जो राज्य में शिक्षा क्षेत्र की प्रगति को दर्शाती है।

# पंजाब में रावी का जलस्तर बढ़ने की आशंका

## » विधायक धालीवाल व डीसी साहनी ने किया अजनाला इलाके का दौरा » बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए विधायक और उपायुक्त ने रावी से सटे इलाकों का दौरा किया



**अमृतसर (ब्यूरो)**। मौसम विभाग द्वारा पंजाब और आसपास के राज्यों में बारिश की संभावना के बाद विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल और डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने रावी नदी से लगते इलाकों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान डैमों से छोड़े गए पानी के कारण रावी और ब्यास नदियों के जलस्तर में हल्का उतार-चढ़ाव हो सकता है।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि फिलहाल दोनों नदियों का पानी नियंत्रण में है और सामान्य बह रही हैं। हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में संभावित बारिश के कारण डैमों से पानी छोड़ा गया है, जिससे स्तर बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अवधि में नदी पार करने से बचें और किसान व पशुओं को नदी किनारे या पानी के पास न ले जाएं।

उन्होंने बताया कि अमृतसर ज़िले में रावी नदी में 21 चोए, खड्डों और नालों से पानी गिरता है, जिसके स्तर की निगरानी के लिए घोनेवाल में एक गेज लगाया जा रहा है। साथ ही अन्य स्थानों पर भी गेज स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार कठुआ, गुरदासपुर और सांबा क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना है, जो रावी का जलस्तर बढ़ा सकती है। जिला प्रशासन ने 24x7 निगरानी के इंतजाम किए हैं और अधिकारी लगातार ड्यूटी पर तैनात हैं। प्रशासन ने जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 0183-2229125 और अजनाला में 01858-245510 जारी किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर एडीसी रोहित गुप्ता, एडीसी परमजीत कौर, एसडीएम रविंदर सिंह सहित कई विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बरनाला में पूर्व सरपंच के बेटेकीगोलीमारकरहत्या

**बरनाला (ब्यूरो)**। बरनाला जिले के शैहणा गांव में पूर्व सरपंच के बेटे सुखविंदर सिंह कलकत्ता की सिर और पैर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार (आज) दोपहर में करीब 4 बजे हुई, जब सुखविंदर सिंह गांव की एक दुकान पर बैठे थे। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, हमला गांव के ही एक व्यक्ति ने किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुखविंदर सिंह कलकत्ता कुछ समय पहले गांव पार्टी के विरोधी नेता के तौर पर जाने जाते थे। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है।



# पंजाब के स्कूल ऑफ ऐमीनेंस में होंगे MiG-21 जेट

## » छात्रों के सपनों को मिलेगी मिसाइल' जैसी उड़ान, देशभक्ति का जज्बा होगा बुलंदः मंत्री बैंस

**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (ब्यूरो)** : पंजाब के सरकारी स्कूल जल्द ही इतिहास के पंखों पर उड़ान भरेंगे,जहाँ छात्रों को रोज़ाना देशभक्ति की प्रेरणा और टेक्नोलॉजी की दुनिया से रूबरू होने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में जहाँ शिक्षा में क्रांति आ रही है, वहीं अब छात्रों को सीधे देश की रक्षा और उच्च तकनीक से जोड़ने की एक ऐतिहासिक पहल की गई है। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह को पत्र लिखकर, देश की रक्षा के लिए समर्पित रहे रिटायर MiG-21 लड़ाकू विमानों को राज्य के स्कूलों में प्रदर्शनी के लिए स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है, ताकि लाखों छात्र रक्षा और इंजीनियरिंग में अपने करियर की 'पहली उड़ान' भर सकें। बैंस ने IAF प्रमुख से निवेदन किया है कि पाँच मिग-21 जेट को लुधियाना, अमृतसर, फिरोजपुर, नंगल और खरड़ के सरकारी स्कूलों में प्रदर्शित किया जाए। शिक्षा मंत्री ने ज़ोर देकर कहा, "हम सब मिलकर, मिग-21 को एक ऐसी श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जो हमेशा जीवित रहे और हमारी आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति और



समर्पण की भावना जगाए।इस पहल का मुख्य उद्देश्य पंजाब के हज़ारों सरकारी स्कूल के छात्रों को रक्षा, इंजीनियरिंग, एयरो-स्पेस टेक्नोलॉजी और इससे जुड़े क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। सरदार हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि पंजाब सरकार उत्कृष्टता और समर्पण की भावना को बढ़ावा देने के लिए इन स्कूलों में लड़ाकू विमानों की औपचारिक स्थापना हेतु कार्यक्रमों के लिए भारतीय वायुसेना के साथ साझेदारी करने की योजना बना रही है।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने भारतीय वायुसेना की राष्ट्र के प्रति शानदार सेवाओं को सलाम करते हुए, मिग-21 की हालिया औपचारिक सेवानिवृत्ति पर बधाई दी। उन्होंने इस विमान को 'भारत के रक्षा इतिहास में साहस, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक' माना।उन्होंने कहा कि यह लड़ाकू विमान, जिसने 1965 की भारत-पाक जंग, 1971 की बांग्लादेश मुक्ति जंग और 1999 की कारगिल जंग में अहम भूमिका निभाई थी, अपनी महान विरासत की याद दिलाते रहेंगे। शिक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि इन लड़ाकू विमानों की स्कूलों में मौजूदगी छात्रों को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में हिम्मत, साहस और संकल्प शक्ति के लिए प्रेरित करेगी।

मंत्री बैंस ने कहा कि यह अनूठी पहल मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के नवीनताकारी और परिवर्तनशील शिक्षा प्रदान करने वाले प्रयासों पर आधारित है। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस पत्र का उद्देश्य रिटायर MiG-21 लड़ाकू विमानों को पंजाब के 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' में खड़ा करवाना है, ताकि हमारे छात्रों को फ़ौजी अफ़सर बनने और देश सेवा की प्रेरणा मिल सके। इस पहल के तहत ही शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए शिक्षकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित कई प्रगतिशील कदम उठाए गए हैं।

# परिवहन विभाग ने दो वर्षों में 27,500 चालकों को दिया गया प्रशिक्षण : लालजीत सिंह भुल्लर

## » सड़क सुरक्षा को नया प्रोत्साहन, योग्य वाणिज्यिक वाहन चालकों की कमी हुई दूर

**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (ब्यूरो)**: पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शुरू किया गया क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (आर.डी.टी.सी.) मलेरकोटला अब राज्य के ड्राइविंग क्षेत्र में एक नई क्रांति का कारण बन रहा है। यह केंद्र सुरक्षा के प्रति जागरूक और कुशल चालकों की नई पीढ़ी तैयार कर रहा है।



पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मलेरकोटला में स्थापित यह केंद्र न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि मात्र दो वर्षों से भी कम समय में यहां 27,500 चालकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि यह केंद्र जून 2023 में पंजाब परिवहन विभाग और अशोक लीलैंड लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया था और तब से लगातार अपनी सेवाएँ प्रदान करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को ड्राइविंग का विशेष प्रशिक्षण देकर वाणिज्यिक वाहन चालकों की कमी को पूरा किया गया है।

स. भुल्लर ने कहा कि यह प्रयास युवाओं को सशक्त बनाने और उनके रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि सुव्यवस्थित और पेशेवर प्रशिक्षण से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सड़क हादसों में कमी आती है। इसके अलावा, प्रशिक्षित चालक यातायात नियमों का पालन करने में और अधिक जिम्मेदार सिद्ध होते हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मलेरकोटला का यह प्रशिक्षण केंद्र केवल ड्राइविंग कौशल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है कि पंजाब सरकार चालकों की सामाजिक स्थिति को ऊँचा उठाने, सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# बरनाला शहर में आवारा लावारिस पशुओं की भरमार

## » रात होते ही इन आवारा लावारिस पशुओं का शहर पर कब्जा » पैदल चलना भी हुआ दुश्वार







**बरनाला (ब्यूरो)**। बरनाला शहर की सड़कों, बाजरो मुख्य हाईवे और आसपास लगते गांव भी आज आवारा लावारिस पशुओं से भरे नजर आ रहे है और आए दिन इन लावारिस आवारा पशुओं की वजह से सड़क हादसे हो रहे हैं और जान माल की हानि भी हो रही है। बरनाला की सड़कों पर खुले घूम रहे सांड आपस में लड़ते आम नजर आते हैं, पिछले कुछ दिनों पहले बरनाला आया था एक मामला सामने जिसकी सीसीटीवी फुटेज दिल दहला देने वाली थी। बरनाला के बाजारों में सरेआम घूम रहे आवारा पशुओं से लोग हैं परेशान, सड़क के बीचो बीच बैठे आवारा पशुओं की वजह से शहर में लोगों को आ रही है समस्या, इन पशुओं की वजह से शहर के लोग त्राहि-त्राहि हैं और प्रशासन और सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि





प्रशासन अपनी कुंभकरण की नींद से जागे और इन सड़कों पर घूम रहे पशुओं को गौशाला तक पहुंचाने का काम करें, पिछले दिनों मशहूर गायक राजवीर जवांधा का आवारा पशुओं से सड़क हादसे की घटना लोग अभी भूले नहीं है और गायक रजवीर जवांधा की लंबी आयु और सेहत के लिए दुआ भी कर रहे हैं परंतु इन हादसो के बावजूद भी सरकार और प्रशासन इन आवारा पशुओं के प्रति सतर्क नजर नहीं आती और ना ही इन समस्या का कोई हल किया जा रहा है आए दिन इन लावारिस आवारा पशु के कारण बेकसूर जाने जा रही हैं। बरनाला म्युनिसिपल कमेटी के ईओ विशालदीप बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले सभी आवारा पशुओं को मनाल की गौशाला में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने सरस मेला-2025 का उद्घाटन किया

## » लुधियानावासियों को मेले की बधाई देते हुए, भारी संख्या में उपस्थिति से अपील की

**लुधियाना, 4 अक्टूबरः** भारत की प्राचीन संस्कृति, शिल्प और विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित करने वाले सरस मेला-2025 का आज कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने औपचारिक उद्घाटन किया। यह मेला 4 से 13 अक्टूबर तक स्थानीय पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के मेला मैदान में चलेगा। सरस मेले का उद्घाटन करते हुए, कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियानावासियों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि उपायुक्त हिमांशु जैन के नेतृत्व में जिला प्रशासन का यह एक सराहनीय प्रयास है जहाँ 22 विभिन्न राज्यों के खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला भारत की प्राचीन सभ्यता को दर्शाता है जहाँ विभिन्न राज्यों के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।






उन्होंने युवाओं, बच्चों और सभी आयु वर्ग के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सरस मेले में अधिक से अधिक भाग लें और मेले का आनंद लें। उन्होंने कहा कि इस मेले में पूरे भारत के 1,000 से अधिक कारीगरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपने दुर्लभ हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियों और हस्तनिर्मित खज़ानों को शानदार संग्रह प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुतियाँ भी दी जाएँगी और संगीत, नृत्य और मनोरंजन से भरपूर शानदार शामें भी होंगी।

**» स्टार नाइट्सः**
रंग-रंगा कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व प्रसिद्ध गायक गुरदास मान करेंगे, जो दर्शकों से पंजाबी मातृभाषा की सेवा कर रहे हैं। इसके बाद, कल 5 अक्टूबर को कुलविंदर बिल्ला और 6 अक्टूबर को गतिशील जोड़ी बसंत कुर और परी पंधेर अपनी प्रस्तुति देंगे। 7 अक्टूबर को कंवर ग्रेवाल और मनराज पातर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे, जबकि 8 अक्टूबर को गुरनाम भुल्लर, सविताज बराड़, प्रभ बैंस, असमीत सेहरा और काला ग्रेवाल भी एक समूह प्रस्तुति देंगे। 9 अक्टूबर को दिलप्रीत ढिल्लों और विक्की ढिल्लों, 10 अक्टूबर को सतिंदर सरताज और 11 अक्टूबर को रंजीत बावा के साथ उत्साह जारी रहेगा। 12 अक्टूबर को जोश बराड़, गीताज बिंद्राखिया के साथ, दर्शकों को उत्साहित करेंगे, और गिप्पी ग्रेवाल 13 अक्टूबर को चार्ट-टॉपिंग हिट के साथ सरस मेले का समापन करेंगे। प्रत्येक शाम, ये कलाकार पंजाबी लोक, समकालीन और सूफी धुनों का मिश्रण करते हुए अविस्मरणीय प्रदर्शन करेंगे।

**» प्रतियोगिताएँ और कार्यशालाएँ**
सरस मेला 2025 में प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रचनात्मकता और परंपरा का जश्न मनाने वाली रोमांचक कार्यशालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। 4 अक्टूबर को भांगड़ा और गिद्दा कार्यशाला में प्रतिभागियों को पंजाबी लोक नृत्य का आनंद मिलेगा, जिसके बाद 5 अक्टूबर को नवोदित कलाकारों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 6 अक्टूबर को पगड़ी बाँधने की कार्यशाला में पारंपरिक तकनीकें सिखाई जाएँगी, जबकि 7 अक्टूबर को लाइव पॉटरी कार्यशाला में मिट्टी की कला का प्रदर्शन होगा। 8 अक्टूबर को बोतल पेंटिंग प्रतियोगिता, 9 अक्टूबर को मेहंदी प्रतियोगिता और 10 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता के साथ रचनात्मकता जारी रहेगी। 11 अक्टूबर को ओरिगेमी कार्यशाला में एक अनोखा शिल्प अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद 12 अक्टूबर को फेस पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। 13 अक्टूबर को एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता के साथ उत्सव का समापन होगा, जिसमें मेले की जीवंत भावना को दर्शाया जाएगा।

उपायुक्त हिमांशु जैन ने घोषणा की कि सरस मेला 2025 से प्राप्त सभी आए बाढ़ प्रभावित लोगों के कल्याण के लिए खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के उत्सव को एक नेक कार्य में योगदान देने के सार्थक अवसर के साथ जोड़ता है। हिमांशु जैन ने निवासियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने, शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लेने, अनूठी शिल्पकलाओं को जानने, स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने और बाढ़ राहत प्रयासों में सहयोग करने का हार्दिक निमंत्रण दिया।
स्टार नाइट के टिकट जिला ऐप के माध्यम से ऑनलाइन या कार्यक्रम स्थल पर ऑफलाइन उपलब्ध हैं। सरस मेला 2025 में कला, संस्कृति और सामुदायिक भावना के इस असाधारण उत्सव में हमारे साथ शामिल हों।

# त्योहारों के दौरान विशेष नाकाबंदी

## लुधियाना पुलिस ने लोगों की सुरक्षा की सुनिश्चित

लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

लुधियाना पुलिस कमिश्नर की ओर से त्योहारी सीजन के चलते शहर में लोगो की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एडीसीपी ज़ोन-3 के अंतर्गत आने वाले सभी थानों द्वारा अपने क्षेत्र में नाकाबंदी और वाहनों की विस्तृत जांच की गई।

इस दौरान पुलिस टीमों ने शहर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में वाहनों की जांच की। खास तौर पर काले शीशे वाली गाड़ियां, अनधिकृत लाइट वाले वाहन और तेज आवाज वाले हॉर्न वाले वाहन प्रमुख जांच के दायरे में थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शहर में अपराध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना है। इस दौरान पुलिस ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा अभियान में सहयोग देने की अपील भी की। अधिकारियों ने बताया कि यह





अभियान सिर्फ चेकिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का भी प्रयास है।

कमिश्नरेट पुलिस ने भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखने का वादा किया है, ताकि शहरवासियों को त्योहारों के समय निर्भय वातावरण मिल सके। पुलिस का कहना है कि इस तरह के अभियान अपराधियों के लिए चेतावनी के रूप में काम करते हैं और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से वाहन नियमों का पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। इस तरह के सुरक्षा उपायों से न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है, बल्कि शहरवासियों में सुरक्षा और शांति की भावना भी मजबूत होती है।

# भाजपा चुस्त, नेता सुस्तः हल्का पूर्वी के नेता गायब

## » प्रदेश भाजपा की तरफ से लगातार चल रही मुहिम
## » पूर्वी हल्के के नेताओं की तरफ से नहीं चल रहा कोई अभियान

लुधियाना (दलजीत विक्की)
--------------------

विधानसभा 2027 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। इसके साथ ही पार्टी के नेताओं ने भी अपने-अपने हल्के में काम करना शुरु कर दिया है। इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कुछ सालों में पंजाब में अपना वोट बैंक बढ़ाया है और भाजपा की तरफ से पूरे पंजाब में अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसको लेकर भाजपा नेता भी लोगों तक पार्टी का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। वहीं, लुधियाना विधानसभा पूर्वी में भाजपा पार्टियों की नीति के उटल काम हो रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही विधानसभा पूर्वी के सीनियर नेता नदारद चल रहे हैं और पार्टी की तरफ से चलाए जा रहे अभियानों का भी हलके में प्रचार नहीं कर रहे हैं। जिससे साफ हो रहा है कि भाजपा पंजाब में चुस्त हैं और विधानसभा पूर्वी नेता सुस्त हैं। वही, दूसरी तरफ़ विधानसभा सेंट्रल और पश्चिम में भाजपा नेता लगातार मौजूदा सरकार के ख़िलाफ जमकर मोर्चा खोल रहे हैं। जिस कारण वह पूरे शहर में चर्चा का विषय बने हुए है। उधर, पूर्वी विधानसभा की बात करे तो आगामी विधान सभा चुनावो को महज सवा साल रह गए है, मगर विधानसभा हलका पूर्वी से 2022 के दावेदार नेता से नदारद है। विधानसभा 2022 चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार जगमोहन शर्मा को साढ़े अठारह हजार के करीब वोट मिले थे। उसके बाद लोकसभा 2024 चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू को सबसे ज्यादा वोट करीब 53000 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा के सीनियर व दावेदार नेताओं का नदातर रहने के कारण ग्राफ नीचे आना शुरु हो गया। जिसके बाद नगर निगम में हल्का पूर्वी में 19 वार्डो में से केवल सिर्फ तीन ही वार्ड जीत पाए।

### क्या कहते है मौजूदा विधायक दलजीत ग्रेवाल



हल्का पूर्वी से विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला से जब भाजपा नेताओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ने कहा कि जनता बहुत समझदार है और उसे पता है कि कौन इलाके में डेवल्पमेंट के कामो को कर रहा है और कौन जानता के बीच में उनकी समस्याओं को सुन रहा है और उसे हल कर रहा है इसका जवाब उन्हें ख़ुद जनता अगामी विधानसभा चुनाव में ख़ुद देगी

### चुनावो में भाजपा प्रत्याशियों को वोट दे जनता ख़ुद को ठगा महसूस कर रही है - संजय तलवाड़

पूर्व विधायक संजय तलवाड़ से बात करने पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2022 में चुनाव में जगमोहन शर्मा को मैदान में उतारा मगर वे चुनाव हारने के बाद कभी भी हलका पूर्वी में नहीं दिखाई दिए उसी प्रकार 2024 लोकसभा चुनावो में हल्का पूर्वी की जनता ने रवनीत सिंह बिट्टू को 52 हज़ार के क़रीब वोट दिय मगर वे चुनाव तो हार गए फिर भी केंद्र में मंत्री बन गए लेकिन उसके बाद उन्होंने कभी भी हल्का पूर्वी के लोगो का एक बार भी हाल नहीं पूछा, वही जो नेता पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा की तरफ़ से अपनी दावेदारी कर रहे थे वे टिकट ना मिलने पर अपने घर बैठ गए कि पार्टी ने कौन सा हमे टिकट दी है कि जो हम जानता के समस्याओं कि समाधान करे।उन्होंने कहा कि हल्का पूर्वी की जनता भाजपा को अपना वोट देकर ख़ुद को ठगा सा महसूस कर रही है जिसका जवाब हल्का पूर्वी की जनता 2027 के विधानसभा चुनावो भाजपा प्रत्याशी को देगी



# नहर में डूबे युवक का दो दिन बाद जवद्दी में से मिला शव

## » पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला 3 गिरफ्तार

लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

लुधियाना में वीरवार की शाम गांव संगोवाल के नजदीक डिमार्ट के सामने जसपाल बांगड़ नहर पुल के पास एक युवक को लूटपाट करने वाला बता मारपीट कर उसे नहर में धक्का देकर गिरा दिया। डूबने के बाद युवक का कुछ पता नही चला, दो दिन तक पुलिस परिजनों व गोताखोरों की सहायता से उसे ढूंढने में जुटी रही। जहा शनिवार की सुबह थाना साहनेवाल की पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर जवद्दी नहर में से उसका शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। थाना साहनेवाल की पुलिस ने इस मामले में अभी तक 3 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर उनका रिमांड हासिल किया।

मृतक युवक गुरविंदर सिंह उर्फ मनी के परिवार का आरोप है कि 10 से 12 लोगों ने मनी और उसके दोस्तो के साथ मारपीट की थी और मनी को मारपीट कर नहर में फेंक दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। दो दिनों तक पुलिस उसके शव को ढूंढने में लगी रही। जहा आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मृतक का शव जवद्दी नहर में तैरता हुआ दिखाई दिया। जहां पुलिस ने पुहंच गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल परिजनों को सूचना दी और शव को सिविल अस्पताल में पुहंचाया।



**» लूटपाट का आरोप लगाकर हत्यारों ने पीटा, लोगो ने बनाई वीडियो**
पुलिस को जानकारी देते हुए मनी के भाई रुपिंदर सिंह ने बताया है कि उसका भाई मनी और उसका दोस्त गुरमीत सिंह दोनों नहर पुल के पास शराब पी रहे थे,तभी वहां पर कुछ लोग आए और उन्हें लूटपाट करने वाला बताकर उनसे मारपीट करने लगे। हमलावरों ने उनपर बेट और दात के साथ हमला किया और मनी को नहर में जान से मारने की नीयत के साथ फेंक दिया। वही वहां से गुजर रहे लोगो ने उक्त सारी घटना की वीडियो भी बनाई।

थाना साहनेवाल की पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी विजय कुमार, राम बाबू और अक्षय कुमार निवासी गणपति कालोनी गांव जसपाल बांगर के खिलाफ धारा 103, 115(2) , 351(1), 191(3), 190 BNS के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहा से उनका रिमांड हासिल कर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

**» 3 डॉक्टरों के बोर्ड ने किया शव का पोस्टमार्टम, शरीर के अलग अलग हिस्सों में मिले चोटों के निशान**
सिविल अस्पताल में मृतक के मनी के शव का पोस्टमार्टम 3 डॉक्टरों के बोर्ड ने किया। डॉक्टरों के बोर्ड में डॉ अनिल, डॉ विशाल चोपड़ा, डॉ प्रयाग शामिल थे। पोस्टमार्टम में सामने आया कि मृतक के शरीर पर अलग अलग हिस्सों में चोट के निशान थे, वही उसकी मौत पानी मे डूबने और ज्यादा खून बह जाने से हुई।

# नाई के भाई के हत्यारोपी को किया पुलिस ने काबू

लुधियाना (दलजीत विक्की,अशवनी पाहवा)
--------------------

दो दिन पहले मुंडिया के रामनगर इलाके में हुई नाई की दुकान में युवक की हत्या के मामले में आरोपी गुलशन को जमालपुर की पुलिस ने उसके घर से शनिवार की सुबह काबू कर अपने साथ थाने में ले गई। जब गुलशन की गिरफ़्तारी के बारे में एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया जसविंदर सिंह से पूछा गया तो उन्होंने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की।

मुंडिया के रामनगर में रहने वाला गुलशन कुमार ग्लाडा में दर्जा चार कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है। उसने वीरवार की शाम करीब चार बजे अपने पड़ोस में नाई का काम करने वाले रितेश की दुकान पर गया। वहाँ हिमांशु अपने चचेरे भाई



रवि के साथ मौजूद था। गुलशन ने दुकान में जाते ही हिमांशु से बहस करनी शुरू कर दी। इसी बीच गुलशन अपने घर में गया और पिस्तौल लेकर वापिस दुकान में दाखिल हुआ और उसने हिमांशु के माथे पर सीधी गोली मार दी और वहां से फरार गया।

सूत्रो के मुताबिक शनिवार को थाना जमालपुर पुलिस को इलाके में से सूचना मिली कि आरोपी के घर के लाइट जग रही है जोकि कल रात को बंद थी जिसके बाद पुलिस ने सिविल ड्रेस में सुबह 8 बजे के करीब आरोपी के घर पर रेड की उन्होंने देखा की घर के बाहर ताला जड़ा हुआ है। उन्होंने जब घर का ताला तोड़ तलाशी ली तो आरोपी पानी के ड्रम में छिपा हुआ था। जिसके बाद पुलिस गुलशन को काबू कर अपने साथ ले गई।वही पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

# बाढ़ के कारण रद्द की गई ट्रेनों में से 11 जोड़ी ट्रेनों को फिर से चलाया जाएगा

लुधियाना (सुनील शिंगार)
--------------------

बीते दिनों पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर में आई बाढ़ के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था। ऐसे में अब रेल विभाग ने 11 जोड़ी ट्रेनों को फिर से चलने का फैसला लिया है। यह ट्रेनें 15 तारीख या उसके बाद फिर से चलेगी जिनका शेड्यूल भी रेल विभाग ने जारी किया है। इसके इलावा कई ऐसी ट्रेनें हैं जिनको अब भी रद्द रखा गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू डिवीजन में बाढ़ के पानी के कारण काफी नुकसान हुआ था जिसमें रेल ट्रैक भी टूट गए थे। ऐसे में अब धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य किया जा रहा है। दर्जनों मजदूरों से दिन रात काम करवा कर रेल ट्रैक को ठीक करवाया जा रहा है तो जो टर्नल क्षतिग्रस्त हुई उनको भी ठीक करवाया जा रहा है।

**» इन ट्रेनों को फिर से किया गया शुरू**
**» 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली ट्रेनें:** ट्रेन संख्या नंबर 12425 दिल्ली जम्मू तवी, ट्रेन संख्या नंबर 11077 पुणे जम्मू तवी, ट्रेन संख्या नंबर 18101 टाटा नगर जम्मू तवी, ट्रेन संख्या नंबर 20985 कोटा उधमपुर, ट्रेन संख्या नंबर 20847 दुर्ग उधमपुर, ट्रेन संख्या नंबर 74909/10 पठानकोट उधमपुर शुरू होगी।

**» 16 अक्टूबर को शुरू होने वाली ट्रेनें:** ट्रेन संख्या नंबर 12426 जम्मू तवी नई दिल्ली ट्रेन संख्या नंबर 18309 संभलपुर जम्मू, ट्रेन संख्या नंबर 20986 कोटा उधमपुर चलेगी।



17 अक्टूबर को शुरू होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या नंबर 12751 नांदेड जम्मू तवी ट्रेन संख्या नंबर 11078 जम्मू तवी पुणे, ट्रेन संख्या नंबर 20848 उधमपुर दुर्ग चलेगी। 18 अक्टूबर को शुरू होने वाली ट्रेनें: 18 अक्टूबर से ट्रेन संख्या नंबर 18102 जम्मू तवी टाटा नगर, ट्रेन संख्या नंबर 19027 बांद्रा टर्मिनस जम्मू तवी चलेगी। 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या नंबर 12752 जम्मू तवी नांदेड़, ट्रेन संख्या नंबर 18310 जम्मू तवी संबलपुर, ट्रेन संख्या नंबर 19415 साबरमती श्री माता वैष्णो देवी कटरा चलेगी। 20 अक्टूबर से शुरू होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या नंबर 19028 जम्मू तवी बांद्रा टर्मिनस, ट्रेन संख्या नंबर 22941 इंदौर उधमपुर। 21 अक्टूबर से शुरू होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या नंबर 19416 श्री माता वैष्णो देवी कटरा से संबलपुर, 22 अक्टूबर से शुरू होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या नंबर 22942 ऊधमपुर इंदौर।

# पुलिस जी, मरे हुए को क्यों तड़पा रहे होः 39 दिनों से शव को नहीं मिल रही मुक्ति

लुधियाना (सुनील शिंगार)
--------------------

सिविल अस्पताल की मोर्चरी में जिन तीन शवों की बेकद्री की जा रही है उस मामले में पुलिस ने सारी ही हदें पार कर दी है। एक शव ऐसा है जो कि बीती 28 अगस्त यानि कि 39 दिनों से सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पड़ा हुआ है और उसका ना ही पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और ना ही उसका संस्कार किया जा रहा है। यह शव थाना लाढ़ोवाल की पुलिस ने रखवाया था। ऐसा ही एक अन्य शव थाना डिवीजन 6 की पुलिस ने 11 सितंबर को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था जिसकी भी कोई पहचान नहीं है। इस शव को भी 25 दिन हो गए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पड़े हुए। 12 सितंबर को थाना साहनेवाल की पुलिस ने सिविल अस्पताल की मोर्चरी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव रखवाया था। शव रखवाने के बाद थाना आज तक पोस्टमार्टम करवाने नहीं आई। ऐसे में पुलिस इन तीनों मरे हुए लोगों को भी तड़पा रही है।

**» माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश भी अनदेखे**
माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश है कि अगर किसी मरने वाले की पहचान नहीं होती तो उसको 72 घंटे तक अस्पताल की मोर्चरी में रखा जाए। इन 72 घंटे के भीतर उक्त मरने वाले की पहचान करवाने के लिए पुलिस को प्रयास करने होते हैं। 72 घंटे तक भी पहचान नहीं होती तो माननीय सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश है कि उक्त शव का पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार किया जाए। लेकिन लुधियाना के तीन एसएचओ (थाना डिवीजन 6, साहनेवाल व लाढ़ोवाल) ऐसे हैं जो माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी मानने को तैयार नहीं।

**» कई बार दिए रिमाइंडर**
सिविल अस्पताल प्रशासन के मुताबिक वह संबंधित थानों को कई बार लिखित और जुबानी रिमाइंडर दे चुके हैं। बावजूद तीनों ही थानों की पुलिस शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाने के लिए आ रहे। ऐसे में शव की बेकद्री करना मानवता के खिलाफ है जिस पर पुलिस के बड़े अधिकारियों को कड़ा



संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में सिविल अस्पताल की मोर्चरी आधुनिक तकनीक से बनी है तो शव का रखरखाव ठीक ढंग से किया जा रहा है। सिविल अस्पताल पर प्रशासन के मुताबिक अगर मोर्चरी आधुनिक तकनीक से न बनी होती तो यह शव अब तक या तो गल चुके होते या फिर इनमें कीड़े पड़ जाते। सोमवार को फिर रिमाइंडर भेजेंगे जो भी सब बीते कई दिनों से सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पड़े हैं उनसे संबंधित थाना की पुलिस को समय-समय पर रिमाइंडर भेजे गए हैं। सब को ऐसे ज्यादा देर रखना कानूनी गलत है। हम सोमवार को फिर से तीनों थाना की पुलिस को रिमाइंडर भेजेंगे।

# फरीदाबाद में अंडर-19 क्रिकेटर कोच पर हमला, हालत गंभीर



**फरीदाबाद (ब्यूरो)।** झारखंड अंडर-19 टीम के खिलाड़ी और क्रिकेट कोच अमित पर पड़ोस में रहने वाले चार युवकों ने उनके घर के सामने हमला कर दिया। हमले में अमित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी में स्वजनों ने चारों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत तब हुई, जब अमित ने गली के नुक्कड़ पर खड़े युवकों से रास्ता खाली करने के लिए कहा था। इसी बात पर कहासुनी हो गई। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-56 स्थित क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले अमित रात करीब 10 बजे मैच खत्म कर घर लौट रहे थे। रास्ते में दो युवक खड़े थे, जिन्हें साइड होने के लिए कहने पर विवाद शुरू हुआ। थोड़ी देर बाद दोनों अपने दो साथियों के साथ अमित के घर पहुंच गए और उन्हें बाहर बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने डंडे से अमित के सिर पर वार किया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। गंभीर हालत देखकर आरोपी फरार हो गए। फिलहाल कोच का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

# गुरुग्राम में 250 मकानों पर बुलडोज़र कार्रवाई जल्द होगी

**हरियाणा (ब्यूरो)।** हरियाणा से बड़ी खबर सामने आई है। गुरुग्राम के सोहना क्षेत्र में लगभग 250 मकानों पर जल्द ही बुलडोज़र कार्रवाई की जा सकती है। जिला प्रशासन ने मकान मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें कहा गया है कि वे अवैध मकानों को खाली कर दें। जानकारी के अनुसार, ये मकान पर्यटन विभाग की लगभग 9.5 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने हैं। सोहना के वार्ड नंबर 13, खासकर पहाड़ कॉलोनी और पीर कॉलोनी, में कई वर्षों से लोग यहां पक्के मकानों में रह रहे हैं, लेकिन अब जिला प्रशासन ने इन पर कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया है।



पिछले सप्ताह नोडल अधिकारी आरएस बाठ ने कब्जाधारियों के साथ बैठक की और उन्हें चेतावनी दी कि अवैध कब्जा तुरंत छोड़ें, अन्यथा 10 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा बुलडोज़र कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, कब्जाधारियों द्वारा कोर्ट में दायर मामला पहले ही हार चुका है। वहीं, स्थानीय पार्षदों और नेताओं ने प्रशासन से अपील की है कि कई सालों से रह रहे गरीब परिवारों के मकानों को वैधानिक मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें अपना आशियाना खोने का खतरा न हो।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण रोकने के उद्देश्य से की जा रही है और नागरिकों को किसी भी तरह की सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी।

# दिल्ली–पानीपत हाई-स्पीड ट्रेन : अब सिर्फ 1 घंटे में सफर पूरा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** दिल्ली और हरियाणा के बीच आवागमन को आसान बनाने वाली हाई-स्पीड नमो भारत ट्रेन (RRTS) प्रोजेक्ट का काम तेज हो गया है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (NCRTC) ने दिल्ली–पानीपत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के दूसरे चरण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस परियोजना के तहत 136 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण होगा, जिसे भविष्य में करनाल तक बढ़ाने की योजना है।

**प्री-कंस्ट्रक्शन का काम शुरू :** NCRTC ने पहले चरण में नरेला से मुरथल तक 22 किलोमीटर के हिस्से में यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया है। इसमें बिजली की तारें, ट्रांसफॉर्मर और लो-टेंशन केबल हटाने का काम शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग एक साल का समय लगेगा।

**प्रोजेक्ट की खास बातें :** कॉरिडोर दिल्ली के सराय काले खां से शुरू होकर नरेला, कुंडली, सोनीपत, गन्नौर, समालखा होते हुए पानीपत तक जाएगा।




**कुल 17 स्टेशन होंगे :** ट्रेनें 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। वर्तमान में दिल्ली से पानीपत का सफर करीब 3 घंटे में पूरा होता है, जिसे घटाकर सिर्फ 1 घंटे में कर दिया जाएगा।

**यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं :** सराय काले खां स्टेशन न केवल दिल्ली–पानीपत कॉरिडोर का शुरुआती बिंदु होगा, बल्कि यह दिल्ली–मेरठ और दिल्ली–अलवर कॉरिडोर के लिए भी नोडल हब रहेगा। यहां से यात्री एक ही जगह पर ट्रेन, मेट्रो और बस की सुविधा ले पाएंगे।

**हरियाणा को बड़ा लाभ :** NCRTC का दावा है कि रैपिड रेल शुरू होने से करीब 1 लाख यात्री रोजाना तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा, NH-44 (दिल्ली–अंबाला हाईवे) पर लगने वाले जाम से भी बड़ी राहत मिलेगी।

**मंजूरी अभी बाकी :** हालांकि इस प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम वित्तीय मंजूरी दिल्ली और हरियाणा सरकार से अभी प्राप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद प्री-कंस्ट्रक्शन कार्यों की शुरुआत ने परियोजना की रफ्तार को तेज कर दिया है।

# कांग्रेस ने लंबा इंतजार खत्म कर दिया, हुड्डा बने नेता विपक्ष



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चौथी बार विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त कर दिया है। राज्य में भाजपा सरकार के गठन के बाद लगभग एक साल तक विधानसभा तीन सत्र बिना विपक्ष के नेता के चले। शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की अधिसूचना जारी की।

हुड्डा अब चंडीगढ़ के सेक्टर सात स्थित 70 नंबर कोठी में कार्यरत रहेंगे, जहां वे पिछले एक साल से रह रहे थे। कांग्रेस के सात विधायकों : चौधरी आफताब अहमद, गीता भुक्कल, इंदुराज नरवाल, जस्सी पेटवाड़, देवेंद्र हंस, बलराम दांगी और विकास सहारण ने 30 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को पत्र सौंपकर हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाने की सिफारिश की थी।

हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस के 37 और इनेलो के 2 विधायक हैं। 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 48 विधायकों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में है। नेता प्रतिपक्ष को वेतन, भत्ते, कोठी, गाड़ी, स्टाफ और कार्यालय की सुविधा के साथ कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होता है।

**हुड्डा का राजनीतिक रिकॉर्ड :** हुड्डा रोहतक जिले की गढ़ी-सांपला किलोई सीट से छठी बार विधायक हैं और चौथी बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं। इससे पहले वे अगस्त 2002, सितंबर 2019 और नवंबर 2019 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश में केवल ओम प्रकाश चौटाला दो बार नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं।

**कानूनी दर्जा और सुविधाएं :** हरियाणा विधानसभा (सदस्यों का वेतन, भत्ते और पेंशन) अधिनियम 1975 के तहत नेता प्रतिपक्ष का पद वैधानिक रूप से कैबिनेट मंत्री के समकक्ष माना जाता है। इस पद पर वेतन व भत्तों पर इनकम टैक्स का भुगतान राज्य सरकार करती है।

**हुड्डा का बयान :** "मुझे विपक्ष का नेता बनाने में कोई देरी नहीं हुई। कांग्रेस के सभी विधायक दल के नेता चुनने का अधिकार हाईकमान को सौंप चुके थे। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए और राव नरेंद्र प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। मैं अपने नियुक्ति के लिए कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करता हूं।"

# मोदी का हरियाणा दौरा पक्का? लाडो लक्ष्मी योजना पर बड़ा एलान



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी हरियाणा सरकार 17 अक्टूबर को अपने कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा करने जा रही है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे की संभावना जताई जा रही है। हाल ही में सीएम सैनी ने दिल्ली जाकर पीएम मोदी को आमंत्रित किया था, जिसे प्रधानमंत्री ने सैद्धांतिक सहमति दी है। अगर दौरा तय होता है तो यह पीएम मोदी का हरियाणा का 17वां दौरा होगा। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री का कार्यक्रम 18 अक्टूबर को अंबाला कैंट में आयोजित किया जा सकता है। यहां 600 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे वार मेमोरियल और डोमेस्टिक एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम मोदी कर सकते हैं। अंबाला, पूर्व गृह मंत्री अनिल विज का विधानसभा क्षेत्र भी है।

**लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त देंगे पीएम :** सरकार की महत्वाकांक्षी लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता दी जाएगी। संभावना है कि पीएम मोदी अपने दौरे के दौरान इस योजना की पहली किस्त लाभार्थी महिलाओं को सौंपेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को हरियाणा दौरे पर आए थे और रोहतक व कुरुक्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। ऐसे में पीएम मोदी का दौरा एक महीने में राज्य में किसी बड़े केंद्रीय नेता की दूसरी मौजूदगी होगी।

**भाजपा की हैट्रिक सरकार :** याद रहे कि हरियाणा में भाजपा ने 17 अक्टूबर 2024 को लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की थी। नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और अब सरकार अपना पहला साल पूरा कर रही है। हालांकि, पीएम मोदी के दौरे को लेकर अभी तक राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# टीचर के साथ हुई दरिंदगी, गुरुग्राम पुलिस ने लिया सख्त एक्शन



**हरियाणा (ब्यूरो)।** हरियाणा से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। गुरुग्राम के एक प्रसिद्ध स्कूल की महिला टीचर के साथ कथित तौर पर गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार जिम ट्रेनर्स को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता इस स्कूल में विदेशी भाषा पढ़ाती हैं, जबकि आरोपी जिम में ट्रेनर और जूंबा डांस कोच के रूप में काम करते थे।

**घटना का विवरण :** महिला टीचर ने बताया कि सितंबर में उनकी एक पार्टी में जिम ट्रेनर गौरव से उनकी दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई। 1 अक्टूबर की रात लगभग 1 बजे गौरव ने महिला को मिलने के लिए बुलाया। जब पीड़िता महिला थाना पूर्व क्षेत्र में गौरव से मिलने पहुंचीं, तब गौरव ने उन्हें अपने दोस्त के कमरे में ले जाकर कथित रूप से रेप किया।

पीड़िता का आरोप है कि बाद में गौरव ने नीरज और अन्य दो साथियों – अभिषेक और योगेश – को भी बुलाया, जिन्होंने मिलकर महिला के साथ हमला किया।

**शिकायत और गिरफ्तारी :** पीड़िता ने 2 अक्टूबर को अपने घर पर यह घटना परिवारवालों को बताई और उसके बाद महिला थाना पूर्व में जाकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस की कार्रवाई :** पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि महिला टीचर के साथ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं 3(5), 64(1), 70(1) के तहत मामला दर्ज किया है। सभी चार आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हरियाणा में बदलेगा मौसम : 7 अक्टूबर तक होगी बारिश, तापमान गिरेगा



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में मौसम का रुख बदल गया है। मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में 5 से 7 अक्टूबर तक बारिश की संभावना है। इस दौरान कई इलाकों में बिजली चमकने और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, 5 और 6 अक्टूबर को हरियाणा के ज्यादातर हिस्सों में बारिश होगी, जबकि 7 अक्टूबर को अधिकांश जिलों में बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके बाद 8 अक्टूबर से हवाओं की दिशा बदलकर उत्तर-पश्चिम हो जाएगी, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

**तापमान में बदलाव :** फिलहाल हरियाणा में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। लेकिन बादल छाने और बारिश होने से दिन का तापमान गिर सकता है, जबकि रात का तापमान हल्का बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से सुबह और रात को ठंडक महसूस होने लगेगी। गुरुवार को सिरसा का तापमान 37 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक था।

**HAU वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (HAU) हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, मौसम में बदलाव तीन कारणों से हो रहा है-

पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव

बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र

राजस्थान पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन का बनना

इन तीनों सिस्टमों के चलते नमी वाली हवाएं उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों की ओर बढ़ रही हैं, जिससे 4 अक्टूबर की रात से मौसम बदलने की संभावना बनी है।

**8 अक्टूबर से मौसम साफ :** मौसम विभाग के अनुसार, 5 से 7 अक्टूबर तक ज्यादातर इलाकों में बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी संभव है। इसके बाद 8 अक्टूबर दोपहर के बाद मौसम साफ हो जाएगा और हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो जाएगी। इस बदलाव से दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

# सोनीपत में उद्योगपति अपहरण : STF ने दो आरोपियों को मुठभेड़ में दबोचा



**सोनीपत** | सोनीपत एसटीएफ और सीआईए गोहाना पुलिस ने शनिवार तड़के उद्योगपति अपहरण मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निजामपुर गांव के कपिल और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कपिल ने गोहाना के उद्योगपति नीटू दांगी के अपहरण की साजिश रची थी। यह घटना 16 सितंबर को हुई थी जब उद्योगपति अपने कारखाने (जींद रोड) जा रहे थे। रास्ते में दो वाहनों में आए आरोपियों ने उनका अपहरण कर खेतों में बने एक कमरे में बंधक बना लिया था। आरोपियों ने दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी, बाद में सौदा 50 लाख रुपये में तय हुआ। इस दौरान आरोपियों ने उद्योगपति की कार से एक लाख रुपये निकालकर उन्हें छोड़ दिया।

**पुलिस नाके पर भिड़े आरोपियों से मुठभेड़ :** शनिवार तड़के पुलिस टीम खरखौदा रोड पर गांव सिकंदरपुर माजरा के पास नाका लगाए हुए थी। इसी दौरान आरोपी कार में वहां पहुंचे। पुलिस को देख आरोपियों ने गांव बड़ौता की ओर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और मौके पर काबू पा लिया गया।

**गिरोह के अन्य सदस्य पहले भी गिरफ्तार :** उद्योगपति अपहरण मामले में पहले ही पांच अन्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। अब कपिल और दीपक की गिरफ्तारी से पुलिस को पूरे गिरोह की कड़ियों को जोड़ने में बड़ी मदद मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य साथियों और उनकी गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है। दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं और उनके खिलाफ पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# झज्जर में NH पर भीषण बस-ट्रक टक्कर, 40 से अधिक घायल





**झज्जर (ब्यूरो)।** आज सुबह झज्जर के दादरी तोय के पास नेशनल हाईवे पर एक निजी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार 52 यात्रियों में से 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जबकि ट्रक चालक भी चोटिल हुआ है। प्रारंभिक जांच में ट्रक चालक की झपकी (नींद) को इस हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, बस सिलानी गेट झज्जर से फरुखनगर की ओर जा रही थी और इसमें ज्यादातर निजी कंपनी के कर्मचारी सवार थे। सुबह लगभग 7 बजे ट्रक चालक अचानक झपकी में आ गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया और बस से जोरदार टकरा गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से ट्रक चालक को मौके से बाहर निकाला गया। झज्जर पुलिस और एम्बुलेंस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सभी घायल यात्रियों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। हादसे के बाद ट्रक और बस दोनों को क्रेन से हटाया गया, जिससे हाईवे पर करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

# पलवल ACEO युधिष्ठिर की MBA डिग्री पर विवाद

**पलवल (ब्यूरो)।** हरियाणा के पलवल में जिला परिषद के ACEO युधिष्ठिर की MBA डिग्री को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। जिला परिषद की चेयरपर्सन रेखा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजकर डिग्री की वैधता पर सवाल उठाया है। युधिष्ठिर 2021 से पंचायत विभाग में कार्यरत हैं और वर्तमान में जिला परिषद में ACEO के पद पर तैनात हैं।

**फर्जी डिग्री का स्रोत :** संदेह की गई MBA डिग्री उत्तर प्रदेश के हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी से प्राप्त बताई जा रही है। यह वही यूनिवर्सिटी है जहां यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने फर्जी मार्कशीट, डिग्री, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने वाले रैकेट का खुलासा किया था। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन विजेंद्र सिंह हुड्डा, प्रो-वाइस चांसलर नितिन कुमार सिंह समेत 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

**शिकायत और जांच :** चेयरपर्सन रेखा ने आरोप लगाया कि युधिष्ठिर ने न केवल फर्जी डिग्री हासिल की, बल्कि करीब 18 रिश्तेदारों को भी इसी यूनिवर्सिटी से डिग्रियां दिलवाईं, जिनके आधार पर वे पंचायत विभाग में नियुक्त हुए।

पहली शिकायत मार्च 2023 में गांव सिहोल के राजकुमार ने की थी, लेकिन उस समय जांच में युधिष्ठिर ने यूनिवर्सिटी के गिरोह की मदद से वैधता साबित कर दी थी।



**पुनः जांच और यूनिवर्सिटी की पुष्टि :** सप्टेंबर 2025 में पुनः जांच की गई। 16 सितंबर को यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट आई कि युधिष्ठिर ने कभी मोनाड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई नहीं की। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया कि छात्र संख्या MU1719MBA50942 के नाम से कोई नामांकन दर्ज नहीं है।

**ACEO का बयान और प्रशासन की प्रतिक्रिया :** युधिष्ठिर ने आरोपों को निराधार बताया और कहा कि उनकी डिग्री पहले भी जांच में सही पाई गई थी। उन्होंने दावा किया कि चेयरपर्सन द्वारा प्रस्तुत वेरिफिकेशन लेटर नकली है। डीसी हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि शिकायत पर जांच चल रही है और निष्कर्ष आने पर ही आगे कार्रवाई होगी।

**मोनाड यूनिवर्सिटी में फर्जीवाड़ा :** इस साल मई में यूपी STF ने मोनाड यूनिवर्सिटी में फर्जी डिग्री रैकेट पकड़ा। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन और प्रो-वाइस चांसलर सहित 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच में 1,372 नकली डिग्रियां, 262 प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट्स, कई खाली सर्टिफिकेट्स, प्रिंटर और सील बरामद हुए।

**डिग्री की कीमत और राज्य सरकार की कार्रवाई :** एसटीएफ के अनुसार, रैकेट में डिग्री की कीमत 50,000 से लेकर 4 लाख तक थी। जिला प्रशासन ने राज्य सरकार को यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की है।

# उपवास में पेट की समस्याएं: कारण और बचाव के आसान उपाय

पायल मोहिंद्रा

व्रत पूरी दुनिया की संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में अभी नवरात्रि व्रत के बाद करवा चौथ और अहोई अष्टमी का उपवास भी आ रहे है। व्रत सिर्फ मन को शांति नहीं देता, बल्कि शरीर को भी डिटॉक्स करने में मदद करता है। इससे पाचन तंत्र बेहतर होता है और ओवरऑल हेल्थ भी सुधरती है। लेकिन कई बार व्रत के दौरान पेट फूलने लगता है, गैस बनती है, कब्ज या दस्त जैसी समस्या भी हो जाती है।

व्रत के दौरान छोटी-छोटी गलतियों के कारण ऐसी समस्याएं होती हैं। हालांकि, इससे आसानी से बचा जा सकता है। सही डाइट, पर्याप्त पानी और कुछ घरेलू उपायों से व्रत आसानी से पूरा हो जाएगा। आज जानेंगे कि व्रत में पेट क्यों खराब होता है। साथ ही जानेंगे कि गैस और कब्ज के क्या कारण हैं? इससे बचने के लिए क्या करें?



**उपवास के दरान पेट की क्या समस्याएं होती हैं?**
उपवास में पेट की समस्याएं होना बहुत कॉमन है। शिल्पी गोयल बताती हैं कि हमारा शरीर रोजाना के रूटीन का आदी होता है। जब अचानक हम लंबे समय तक भूखे रहते हैं या शाम को एक साथ ज्यादा खा लेते हैं, तो पाचन तंत्र पर बोझ पड़ता है। इससे एसिड ज्यादा बनता है, जो पेट में जलन और गैस का कारण बन जाता है। इसके अलावा, व्रत में तली-भुनी चीजें जैसे साबूदाना खिचड़ी, आलू चिप्स या मिठाइयां ज्यादा खाई जाती हैं, जो पचने में मुश्किल होती हैं। अगर पानी कम पिया जाए, तो डिहाइड्रेशन से कब्ज हो जाता है। ये बदलाव शरीर को असंतुलित कर देते हैं, लेकिन सावधानी से इन्हें मैनेज किया जा सकता है।

**उपवास में गैस की समस्या ज्यादा क्यों होती है?**
गैस बनना उपवास की सबसे कॉमन समस्या है। जब हम दिन भर भूखे रहते हैं, तो पेट में एसिड बनने लगता है। ये एसिड खाली पेट को परेशान करता है और डकार या ब्लोटिंग का कारण बन जाता है। व्रत में लोग अक्सर आलू, साबूदाना या तली चीजें खाते हैं, जो आंतों में फरमेंटेशन बढ़ाती हैं। इससे गैस बनती है। अगर आप कम फाइबर वाली चीजें खाते हैं, तो खाना आंतों में रुक जाता है और गैस बढ़ जाती है।

**क्या उपवास में कब्ज होना कॉमन है?**
हां, कब्ज उपवास में बहुत कॉमन है। जब हम कम खाना खाते हैं, तो शरीर में फाइबर की कमी हो जाती है। व्रत में चावल, रोटी जैसी चीजें अवॉइड करते हैं, लेकिन उनके बदले साबूदाना या आलू लेते हैं, जिनमें फाइबर की कमी होती है। पानी कम पीने से भी आंतों में ड्राइनेस आ जाती है और मल सख्त हो जाता है। अगर पहले से पाचन कमजोर है तो ये समस्या और बढ़ जाती है। लेकिन अच्छी बात ये है कि फल, सब्जियां और दही जैसे प्रोबायोटिक्स से इसे कंट्रोल किया जा सकता है। याद रखें कि कब्ज से गैस और पेट दर्द भी बढ़ता है। इसलिए इसे इग्नोर न करें।

**उपवास में दस्त या लूज मोशन क्यों होता है?**
आमतौर पर व्रत में दस्त की समस्या कम होती है, लेकिन कुछ लोगों को ये समस्या होती है। के मुताबिक, ज्यादा मीठा या ऑयली खाना आंतों में फरमेंट होकर दस्त का कारण बन सकता है। अगर आप दूध और फल का कॉम्बिनेशन एक साथ लेते हैं, जैसे बनाना शेक, तो ये लूज मोशन की वजह बन सकता है। व्रत के दौरान गट बैक्टीरिया का बैलेंस बिगड़ जाता है, जिससे पाचन प्रभावित होता है। अगर आपको पहले से फूड इंटॉलरेंस है तो ये और बढ़ जाता है। लेकिन हल्का खाना और हाइड्रेशन से इसे रोका जा सकता है।



**उपवास में पेट की समस्याओं से कैसे बचें?**
इससे बचाव बहुत आसान है, बस थोड़ी प्लानिंग चाहिए। व्रत शुरू करने से पहले अपनी डाइट को एडजस्ट करें। दो मील के बीच बहुत लंबा गैप न रखें। शाम को बहुत सारा खाना एक साथ न खाएं। तली चीजें कम करें और उबली सब्जियां, फल बढ़ाएं। दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। अगर गैस हो रही है तो सौंफ या जीरा पानी पिएं। ये घरेलू उपाय पेट को हल्का रखते हैं। जो लोग व्रत में योग या वॉक करते हैं, उन्हें कम समस्या होती है क्योंकि मूवमेंट से डाइजेशन बेहतर होता है।

**उपवास में पानी पीना क्यों जरूरी है?**
पानी उपवास का सबसे अच्छा साथी है। डिहाइड्रेशन पेट की हर समस्या की जड़ है। जब पानी कम होता है, तो पाचन धीमा पड़ जाता है और कब्ज बढ़ता है। व्रत में 2-3 लीटर पानी पिएं, लेकिन एक साथ न पिएं। थोड़ा-थोड़ा करके पानी पिएं। कैफीन या सोडा पीने से बचें, क्योंकि इससे डिहाइड्रेशन बढ़ता है और गैस बनती है। इसकी बजाय नारियल पानी, नींबू पानी या हर्बल टी लें। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। कई लोग व्रत में पानी भूल जाते हैं, लेकिन ये गलती पेट को भारी बना देती है।

**उपवास में किस तरह का खाना खाएं?**
खाना हल्का और पौष्टिक होना चाहिए। फल जैसे सेब, केला, पपीता लें। ये फाइबर से भरपूर होते हैं और पेट को हल्का रखते हैं। सब्जियों में खीरा, लौकी, कद्दू उबालकर खाएं। ड्राई फ्रूट्स सीमित मात्रा में खाएं, क्योंकि ज्यादा खाने से गैस हो सकती है। दही या पनीर प्रोटीन के लिए अच्छे सोर्स हैं। व्रत के अनाज जैसे कुट्टू या समा के चावल को सादा बनाएं, तेल कम डालें। ज्यादा मसाले या चीनी खाने से बचें। अगर आप ऐसी डाइट फॉलो करेंगे, तो व्रत न सिर्फ आसान होगा, बल्कि सेहत भी सुधरेगी।

**अगर गैस या कब्ज की समस्या हो जाए तो क्या करें?**
अगर गैस या कब्ज हो गया है तो बहुत परेशान न हों। अजवाइन, हींग या काला नमक का पानी तुरंत राहत देता है। एसिडिटी में ठंडा दूध या नारियल पानी पिएं। दस्त हो तो केला या दही-चावल लें, ये पेट को बाइंड करते हैं। अगर समस्या बार-बार हो रही है या तेज दर्द है, तो डॉक्टर से सलह लें। ये कोई बड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। व्रत में दवाओं को एडजस्ट करने के लिए पहले से डॉक्टर से बात कर लें।

**किन लोगों को उपवास में ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए?**
हर कोई व्रत रख सकता है, लेकिन कुछ लोगों को एक्स्ट्रा केयर चाहिए। डायबिटिक लोग, गैस्ट्रिक प्रॉब्लम वाले, प्रेग्नेंट महिलाएं या बुजुर्गों को पेट की दिक्कत ज्यादा हो सकती है। उन्हें व्रत से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। अगर दवाएं ले रहे हैं तो टाइमिंग चेंज करें। छोटे बच्चे या कमजोर लोग व्रत न रखें।

**क्या उपवास से पेट की सेहत बेहतर हो सकती है?**
हां, अगर सही तरीके से किया जाए। उपवास शरीर को रेस्ट देता है और डिटॉक्स करता है। ये गट को क्लीन करता है और बैक्टीरिया बैलेंस करता है। लेकिन गलत खानपान से फायदा की जगह नुकसान होता है। सही डाइट से व्रत न सिर्फ पेट को हल्का रखता है, बल्कि वजन कम करने और एनर्जी बढ़ाने में भी मदद करता है।

**उपवास में सेहत को न करें नजरअंदाज**
उपवास आस्था का हिस्सा है, लेकिन सेहत को नजरअंदाज न करें। छोटी सावधानियां जैसे पानी पीना, हल्का खाना और घरेलू उपाय अपनाकर आप व्रत का पूरा आनंद ले सकते हैं। ये याद रखें कि व्रत शरीर को डिटॉक्स करने का तरीका है, खुद को परेशान करने का नहीं है।



# हर रसोई में स्वाद का बादशाह है तेजपत्ता

जसप्रीत कौर

उत्तर हो या दक्षिण, पूरब हो या पश्चिम, शहर हो या गांव, घर हो या होटल। हर रसोई में है इसकी सत्ता। जी, हां आपने सही समझा, ये है गरम मसाले का राजा, तेजपत्ता। भारत में तेज पत्ते का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि लोक औषधि और आयुर्वेदिक जड़ीबूटी के रूप में भी सदियों से होता रहा है। यही वजह है कि इसकी देश में बहुत ज्यादा डिमांड है और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मसाले के रूप में जो तेजपत्ता इस्तेमाल किया जाता है, उसमें करीब 70 प्रतिशत तेजपत्ता भारत से ही जाता है। इसलिए किसान भाई इससे अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर बना सकते हैं। क्योंकि यह एक ऐसा मसाला है, जिसकी पूरी दुनिया में हमेशा डिमांड रहती है। एक अच्छी बात यह भी है कि किसान कम समय में और कम जगह पर भी इसकी खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वैसे भी इन दिनों बहुत सारे किसान गेहूं-धान और गन्ना जैसी मुख्य फसलों को उगाने की बजाय ऐसी औषधीय पौधों वाली खेती को तरजीह दे रहे हैं, जो कम जोखिमभरी और ज्यादा उत्पादक हो। ऐसे में किसानों के लिए तेजपत्ते के पेड़ उगाना और इससे भरपूर लाभ कमाना बहुत आसान है। तेजपत्ता के पेड़ उगाकर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। इसकी खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की और से किसानों को 30 प्रतिशत तक का आदान भी मिलता है।
एक तेजपत्ता के पेड़ से किसान हर साल कम से कम 3000 से 5000 रुपए तक कमा सकते हैं। अगर किसी किसान के पास तेजपत्ता के 20 पेड़ भी हों तो वह हर साल 60,000 से 1,00,000 बहुत आसानी से कम से कम कमा सकता है। जबकि एक एकड़ खेत में तेजपत्ता के 200 से 250 पेड़ आसानी से लग जाते हैं। तेजपत्ता लॉरेसी परिवार का पेड़ है। हिंदुस्तान में इसके कई नाम हैं मसलन सिनामोमम तमाला, मालाबार पत्ता, भारतीय छाल, भारतीय कैसिया या मालाबाथ्रम के नाम से इसे भी जानते हैं। तेजपत्ता का पेड़ भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, चीन, फ्रांस और इटली के साथ-साथ रूस, मध्य अमरीका, उत्तरी अमरीका तथा बेल्जियम में भी पाया जाता है। तेजपत्ता के पेड़ की खेती भारत के कई राज्यों में की जाती है, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी। तेजपत्ता के पेड़ के पत्तों में, लांग जैसी सुंगध होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल जहां मसालों के तौर पर खाना पकाने में किया जाता है, वहीं इसके तेल का इस्तेमाल सिरदर्द, जोड़ों के दर्द, ऑथराइटिस, सूजन आदि में रामबाण सरीखी राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही तेजपत्ता के पेड़ के पत्तियों का इस्तेमाल हर्बल चाय बनाने आदि में भी किया जाता है।
तेजपत्ते का मसाले के रूप में सबसे ज्यादा उत्पादन भारत में ही होता है। इसलिए, भारत से तेजपत्ते के निर्यात की भरपूर डिमांड रहती है। अतः किसानों के लिए तेजपत्ते के पेड़ की खेती करना काफी लाभ का सौदा है। पर सवाल है तेजपत्ता के पेड़ की खेती करने के लिए किस तरह की जरूरतें पड़ती हैं।

**आइये इन्हें सिलसिलेवार ढंग से जानते हैं।**

**ऐसी हो मिट्टी**
तेजपत्ता की खेती करने के लिए सबसे मुफीद जमोन पथरीली और उसर वाली होती है। हालांकि यह तब की बात थी, जब प्राकृतिक रूप से तेजपत्ता के पेड़ उगाये जाते थे, अब वैज्ञानिकों की मदद से हर तरह की मिट्टी में तेजपत्ता का पेड़ आसानी से उगाया जाने लगा है। लेकिन जिस जमीन में तेजपत्ता को उगाया जाए या उसका पेड़ लगाया जाए, उसका पीएच मान 6 से 8 के मध्य होना चाहिए। तेजपत्ता के पेड़ की जहां अच्छी खेती होती है, वहां की मिट्टी आमतौर पर सूखी तथा कार्बनिक पदार्थों से युक्त होनी चाहिए, बाकी फसलों की तरह तेजपत्ता के पेड़ को उगाने या लगाने के पहले जमीन तैयार की जाती है। इसके लिए मिट्टी को कम से कम दो से तीन बार जुताई की जानी चाहिए और फिर पौधों की रोपाई करनी चाहिए। तेजपत्ता के नये पौधों को लेयरिंग या कलम के द्वारा लगाना चाहिए। क्योंकि इसे बीज से उगाने में एक तो मुश्किल होती है, साथ ही बीज से उगे पेड़ उत्तने स्वस्थ नहीं होते, जितने कलम करके तैयार किये गये पेड़ होते हैं। तेजपत्ता के पेड़ को रोपण करते समय हर पौधे की दूरी कम से कम 4 मीटर रखनी चाहिए और हां, इस बात को भी ध्यान रखें कि तेजपत्ता की खेती जहां करनी हो, वहां पानी की समूचित व्यवस्था हो। तेजपता के शुरुआती दो से ढाई साल तक के पौधों को पाले से बचाना चाहिए। कम से कम पहले एक साल में तो ऐसा करना ही चाहिए वर्ना ये पौधे बड़े होकर कम उत्पादक साबित होंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार तेजपत्ता के पौधे के समूचित विकास के लिए उसे खाद और उर्वरक देना चाहिए। 20 किलो गोबर की खाद, 20 ग्राम नाइट्रोजन, 18 ग्राम फास्फोरस तथा 25 ग्राम पोटाश, हर एक पौधे को देना चाहिए, जब वह कम से कम एक साल का हो जाए। उर्वरक आमतौर पर सितम्बर-अक्तूबर माह में देनी चाहिए, जबकि गोवर की खाद मई-जून में दें तो उससे ज्यादा फायदा होता है और जैसे जैसे पेड़ बड़ा हो रहा हो, उसे दिये जाने वाले खाद और उर्वरकों की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए।

**ऐसे करें देखभाल**
एक बार तेजपत्ता का पेड़ लगा लेने के बाद नियमित रूप से उसकी देखभाल भी बहुत जरूरी होती है। तेजपत्ता के पेड़ की कटाई, छंटाई और पत्तों की तुड़ई नियमित समय के अंतराल पर होनी चाहिए। अंगर समय समय पर तेजपत्ता के पेड़ की प्रॉपर देखभाल होती है तो जल्द ही यह भरपूर विकास कर लेता है। तेजपत्ता का पौधा एक सदाबहार पौधा है, जिस कारण इससे पूरे साल पत्ते निकलते रहते हैं। पत्तों की तुड़ाई करने के बाद इन्हें हल्की धूप या छांव में सुखाना चाहिए, जिससे इसमें खुशबू बरकरार रहती है। अगर कड़ी धूप में सुखाया गया तो इनमें खुशबू कम रहती है। तेजपत्ता के बीजों से तेल भी निकलता है और यह बाजार में बहुत महंगी दर पर बिकता है। तेजपत्ते का तेल निकलवाकर भी उससे अच्छी कमाई की जा सकती है।.. तेजपत्ते के पेड़ की पत्तियां लंबी, हरी और चमकीली होती हैं। आमतौर पर ये 7 से। 12 सेंटीमीटर तक लंबी होती हैं, जब ये पेड़ में होती हैं तो हरी होती हैं और जब ! इन्हें तोड़कर सुखाया जाता है। तो यह गहरी भूरी या कई बार हल्की काले रंग की हो जाती हैं। क्योंकि तेजपत्ते का पेड़ एक विशेष पैटर्न में बढ़ता है, इसलिए इसके फल छोटे छोटे और काले होते हैं। घर में तेजपत्ता बरतने के लिए जब खरीदें तो याद रखें यह पूरी तरह से सूखा हुआ हो और इसमें दाग या कीड़ा न लगा हो। तेजपत्ता का पौधा अब करीब-करीब सभी शहरी नर्सीरियों में भी मिल जाता है जो बड़े स्तर की नर्सीरियां होती हैं। कृषि मेलों में खास तौर पर तेजपत्ता के पौधे की बिक्री होती है। लेकिन सबसे अच्छा तरीका ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बेचना सही होता है। देश के कुछ इलाकों में आयुर्वेदिक दुकानों से भी पैक तेजपत्ते मिल जाते हैं। जब भी तेजपत्ता का पौधा खरीदें तो सुनिश्चित करें कि वह स्वस्थ हो और उसमें किसी भी प्रकार का कीट, पतंग या कोई दूसरा रोग न हो।



## जनम दिन मुबारक



**आराध्या शर्मा**
**पिता : पंकज शर्मा**
**माता : अनु शर्मा**
**पता : दुगरी लुधियाना**

## रास्ता ढूंढो



## दोनों तस्वीरों में 6 अंतर ढूंढे



## चुटकुले

**हंस हंस हो जाओगे लोटपोट**

गर्लफ्रेंड ने मुझे मेसेज भेजा की "माता-पिता से बढ़कर कोई नही होता"
मैंने भी जवाब दिया : तो हम भी माता-पिता बन जाये,
तो ब्लॉक कर दिया चुड़ैल ने।
-----------------
कल रास्ते में स्कूल में साथ पढ़ने वाली एक लड़की दिखी,
मैंने पूछ लिया : तुम्हें याद है हम साथ में पढ़ते थे,
उसने जवाब दियाः पढ़ती तो मैं थी, तू तो मुर्गा बनता था
-----------------
मैडमः पप्पू, मैंने तुम्हें थप्पड मारा, इसका भविष्य काल बताओ?
पप्पू : मैडम, छुट्टी के बाद आपकी ऍक्टिवा पंचर मिलेगी।
दे थप्पड़ ! दे थप्पड़
-----------------
पत्नीः कहाँ जा रहे हो?
पति(गुस्से से) : मरने जा रहा हूँ।
पत्नीः साथ मे थैली लेकर जाना।
पतिः वो क्यो?
पत्नीः अगर इरादा बदल जाये तो, आते समय एक किलो आलू और टमाटर लेते आना।

संपादकः अर्शदीप सिंह। श्रीमती जोगिंदर कौर, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 30

# करसोग में सिक्योरिटी गार्डज व सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए भर्ती साक्षात्कार

## » केवल पुरुष अभ्यर्थी ले सकेंगे भाग, रेगुलर आधार पर होंगे चयन

**मंडी, 4 अक्टूबर (ब्यूरो)।** एस.आई.एस. सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर की ओर से करसोग में सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 100 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी उप-रोजगार कार्यालय करसोग के प्रभारी रोहित गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि ये पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे और इनमें केवल पुरुष उम्मीदवार ही आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 19 से 40 वर्ष रखी गई है।

शारीरिक मापदंडों के अनुसार अभ्यर्थी की लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 8 घंटे व 12 घंटे की ड्यूटी के लिए 17,500 से 22,000 रुपये मासिक वेतन के साथ-साथ ईपीएफ, ईएसआई, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।साक्षात्कार 10 अक्तूबर को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उप-रोजगार कार्यालय करसोग में होंगे। उम्मीदवारों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रिज्यूम तथा रोजगार पंजीकरण पत्र साथ लाने होंगे।उप-रोजगार अधिकारी ने स्पष्ट किया कि साक्षात्कार के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य वित्तीय सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

# सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे पेंशनर्स, किया ऐलान, 14 अक्टूबर को होगा बड़ा आंदोलन

**शिमला, (शगुन कश्यप)**

---------------------

आर्थिक तंगी से जूझ रही हिमाचल प्रदेश सरकार की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। प्रदेश के पेंशनरों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। ज्वाइंट पेंशन फ्रंट हिमाचल प्रदेश ने समय पर पेंशन न मिलने, 2016 से लंबित एरियर, महंगाई भत्ता (DA) और मेडिकल बिलों के भुगतान में देरी को लेकर 14 अक्टूबर को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

शिमला में हुई बैठक के बाद ज्वाइंट



पेंशनर फ्रंट हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने कहा कि पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। 2016 से नए वेतनमान का एरियर लंबित है, वहीं सरकार मेडिकल बिलों का करोड़ों रुपये का भुगतान भी नहीं कर रही। इसके अलावा 16 फ़ीसदी महंगाई भत्ता देय है। शर्मा ने बताया कि सरकार ने मई माह में 3 फ़ीसदी DA देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने कई बार सरकार को मांगपत्र सौंपे, मगर हर बार उनकी मांगों को अनसुना किया गया। अब पेंशनरों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे पूरी नहीं की गईं तो 14 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू किया जाएगा। वहीं, पेंशनरों के दूसरे संगठन ज्वाइंट एक्शन कमेटी हिमाचल प्रदेश ने भी इन्हीं मुद्दों को लेकर 17 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। शर्मा ने बताया कि सरकार ने मई माह में 3 फ़ीसदी DA देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने कई बार सरकार को मांगपत्र सौंपे, मगर हर बार उनकी मांगों को अनसुना किया गया। अब पेंशनरों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे पूरी नहीं की गईं तो 14 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू किया जाएगा। वहीं, पेंशनरों के दूसरे संगठन ज्वाइंट एक्शन कमेटी हिमाचल प्रदेश ने भी इन्हीं मुद्दों को लेकर 17 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

# हिमाचल को केंद्र से 1500 करोड़ की घोषणा पर सियासी घमासान



**शिमला, संजू**

-------------------

हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत राशि को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के लिए 1500 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया था, लेकिन अभी तक यह राशि प्रदेश को नहीं मिली है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस सरकार पर हमला बोल रही है और आरोप लगा रही है कि राज्य सरकार ने केंद्र के प्रति आभार व्यक्त नहीं किया।

वहीं, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को सरकार को कोसने के बजाय केंद्र से घोषित राशि प्रदेश तक पहुंचवाने में पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है, बावजूद इसके राज्य सरकार आपदा से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# वायरल के आने लगे मामले – बाहर का खाना खाने से परहेज करें, पानी उबालकर पिएं



**चम्बा, (मंजूर पठान)**

---------------------

चुराह विधानसभा क्षेत्र के नागरिक अस्पताल तीसा में इन दिनों वायरल के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसके चलते प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया और दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि मेले के दिनों में बाहर का खाना खाने से बचें, घर का स्वच्छ भोजन करें, हाथों को बार-बार धोएं और पीने के लिए उबला हुआ पानी ही इस्तेमाल करें। खासकर बच्चों में मामले ज्यादा बढ़ रहे हैं, ऐसे में लोगों को विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। नागरिक अस्पताल तीसा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि पुरी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इन दिनों वायरल के मामले बढ़ रहे हैं, जिनमें डायरिया, सर्दी, जुकाम और बुखार शामिल हैं। मौसम में बदलाव के कारण भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि पानी हमेशा उबालकर ही पिएं और बाहर के खाने से परहेज करें।

# हिमाचल में 2 करोड़ 60 लाख सेब की पेटियां मंडियों में पहुंचीं

**शिमला, (शगुन कश्यप)**

---------------------

हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन इस साल जोरों पर है। अब तक राज्य की विभिन्न मंडियों में 2 करोड़ 60 लाख सेब की पेटियां पहुंच चुकी हैं, जबकि सरकार ने मार्केट इंटरवेंशन स्कीम (MIS) के तहत 82 हजार मीट्रिक टन सेब की खरीद की है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि सेब सीजन अभी जारी है और सरकार किसानों-बागवानों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

भाजपा द्वारा सरकार पर सेब को समय पर मंडियों तक न पहुंचाने के आरोपों पर पलटवार करते हुए नेगी ने कहा कि "भाजपा कभी भी किसान और बागवानों की हितेषी नहीं रही है।" उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में भारी बारिश और आपदाओं के कारण सड़कों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन सरकार ने रिकॉर्ड समय में सड़कें बहाल कीं ताकि सेब सुरक्षित रूप से मंडियों तक पहुंच सके।



मंत्री ने आगे बताया कि जिन इलाकों में बड़ी गाड़ियां नहीं जा पा रही हैं, वहां छोटी गाड़ियों के माध्यम से सेब को बाजार तक पहुंचाया जा रहा है। अगर कहीं सेब सड़ने की शिकायत मिलती है तो उसे डिस्पोज करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यूनिवर्सल कार्टन के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधते हुए नेगी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बागवानों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया, जबकि भाजपा विधायक बलबीर वर्मा आढ़तियों के साथ बैठकर इसे बंद करने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि "भाजपा की विचारधारा बड़े-बड़े आढ़तियों, अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों के साथ है। वे किसानों के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते।"

केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए नेगी ने कहा कि इस बार हिमाचल में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के दौरे के दौरान 1500 करोड़ रुपये की सहायता का ऐलान किया था, लेकिन अब तक एक पैसा भी प्रदेश को नहीं मिला है।

नेगी ने कहा, "भाजपा नेता बार-बार केंद्र से मिली मदद का दावा करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वह पैसा अभी तक हिमाचल नहीं पहुंचा। भाजपा के नेता बस अपनी पीठ खुद ही थपथपा रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं।"

# सरकार को कोसने के बजाय केंद्र से 1500 करोड़ की राहत राशि दिलाएं भाजपा नेता : नरेश चौहान



**शिमला (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड़ रुपये की राहत राशि देने की घोषणा के बावजूद अब तक राज्य को यह धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा नेता जहां कांग्रेस सरकार पर केंद्र से मिली मदद का आभार न जताने का आरोप लगा रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि "सरकार को कोसने के बजाय भाजपा नेताओं को केंद्र से यह राहत राशि दिलाने की कोशिश करनी चाहिए।"

नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति से हर कोई परिचित है। इसके बावजूद राज्य सरकार आपदा से निपटने के हर संभव प्रयास में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि "राज्य को फिलहाल भारत सरकार से सहयोग की जरूरत है, और विपक्ष के नेताओं को इस दिशा में सार्थक भूमिका निभानी चाहिए।"

चौहान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल के दौरे के दौरान 1500 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह राशि किस मद के तहत जारी होगी और राज्य को कब प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है जहां संसाधन सीमित हैं, और हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में प्रदेश को केंद्र की ओर से तुरंत आर्थिक सहायता की आवश्यकता है ताकि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सकें।

# भारत विरोध करना उनकी आदत बन चुकी है : अनुराग ठाकुर

**मंडी, (द समर न्यूज) –** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठाकुर ने कहा कि विदेश दौरे पर भारत और आरएसएस के खिलाफ बयान देना राहुल गांधी की आदत बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर और एयर स्ट्राइक के दौरान भी राहुल गांधी पाकिस्तान का पक्ष लेते दिखाई दिए।अनुराग ठाकुर ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि राहुल गांधी को हर जगह भारत का विरोध करना ज़रूरी लगता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रति झुकाव के चलते राहुल गांधी अब तक 90 चुनाव हार चुके हैं और आगामी बिहार चुनाव में भी हार निश्चित है।

हिमाचल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए ठाकुर ने प्रदेश सरकार के "वोट चोर, गद्दी छोड़" अभियान




को ढोंग बताया। उन्होंने कांग्रेस को "वायदे चोर" की संज्ञा दी और कहा कि कांग्रेस ने जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना ही इसका एजेंडा बन चुका है।हिमाचल की राजनीति में उनकी सक्रिय भूमिका को लेकर चल रही चर्चाओं पर अनुराग ठाकुर ने स्पष्ट किया कि वे भाजपा के साधारण कार्यकर्ता के तौर पर कार्य कर रहे हैं और इस तरह की अटकलों पर विराम लगाने की ज़रूरत है।इसके साथ ही प्रदेश को केंद्र सरकार से मिली 843 करोड़ रुपये की अतिरिक्त डिवोल्यूशन किश्त को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार किया। ठाकुर ने कहा कि केंद्र लगातार हिमाचल को हजारों करोड़ रुपये दे रहा है, लेकिन कांग्रेस नेता आभार व्यक्त करने के बजाय जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहते हैं।मंडी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों ने आईआईटी चौक पर अनुराग ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इसके बाद वे सर्किट हाउस पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# धर्मशाला की बागनी पंचायत में ब्लॉक की पहली लाइब्रेरी शुरू




धर्मशाला, राहुल -: कांगड़ा जिला की बागनी पंचायत को आज ब्लॉक की पहली लाइब्रेरी का तोहफ़ा मिला है। शनिवार को उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने करीब 30 लाख रुपये की लागत से बने पंचायत सामुदायिक केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस पुस्तकालय का निर्माण मनरेगा, 15वें वित्त आयोग और एसडीपी निधि के अभिसरण से किया गया है।

डीसी बैरवा ने कहा कि यह पुस्तकालय न केवल बागनी पंचायत बल्कि आसपास की पंचायतों के छात्रों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। लगभग 50 से अधिक छात्रों के बैठने की क्षमता वाले इस अत्याधुनिक पुस्तकालय में सिविल सेवा, नीट/जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित किताबों के साथ-साथ सामान्य साहित्य और करंट अफेयर्स पत्रिकाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 8 सीसीटीवी कैमरे, पुरुष और महिला के लिए अलग शौचालय तथा ऑनलाइन सर्फिंग हेतु एक कंप्यूटर सेक्शन भी स्थापित किया गया है।

विशेष पहल के तहत चंडीगढ़ स्थित कोचिंग संस्थान 'सिविल्स टैप' ने विकास खंड धर्मशाला के साथ मिलकर पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्रों को मुफ्त अध्ययन सामग्री और साप्ताहिक ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्र उपलब्ध कराने का ऐलान किया है। वंचित और बीपीएल परिवारों से जुड़े छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुफ्त पठन सामग्री दी जाएगी।डीसी कांगड़ा ने कहा कि जिले के 54 जिला परिषद वार्डों में कम से कम एक लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, जिनमें से आधे स्थानों पर निर्माण पूरा कर संचालन शुरू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यहां आगे सिटी पार्क और फिटनेस सेंटर जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है।

कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि बागनी पंचायत में खुली यह लाइब्रेरी धर्मशाला ब्लॉक की पहली है, जहां एक साथ 50 छात्र पढ़ सकेंगे और छह कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज़रूरत के अनुसार अन्य स्थानों पर भी नई लाइब्रेरियां खोली जाएंगी।

# सोची-समझी साजिश के तहत अफसरों को दिया जा रहा एडिशनल चार्ज

## » व्हाट्सएप पर चल रही सुक्खू सरकार : भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा

**हमीरपुर (ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार सोची-समझी साजिश के तहत अफसरों को एडिशनल चार्ज दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारी स्थायी तैनाती के बजाय अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।



हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत में राणा ने कहा कि प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी से लेकर डीजीपी तक कई शीर्ष अधिकारी एडिशनल चार्ज पर चल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्हें दोबारा एक्सटेंशन दी जा रही है, जबकि योग्य अधिकारी मौजूद होने के बावजूद उन्हें पदोन्नति का मौका नहीं दिया जा रहा है।

राणा ने सवाल उठाया कि "जब प्रदेश में पर्याप्त सक्षम अधिकारी हैं, तो कुछ चुनिंदा लोगों को ही क्यों दोबारा जिम्मेदारी दी जा रही है? क्या इसके पीछे कोई बड़ा गड़बड़झाला छिपा है?" उन्होंने कहा कि परमानेंट तैनाती से बचकर सरकार एक्सटेंशन कल्चर को बढ़ावा दे रही है, जो प्रशासनिक पारदर्शिता के खिलाफ है।

भाजपा प्रवक्ता ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, "प्रदेश आज पूरी तरह से कंगाल हो चुका है, और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार व्हाट्सएप पर चल रही है।" राणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिमाचल को दी गई 1500 करोड़ रुपये की राहत राशि को लेकर कहा कि यह "मोदी की गारंटी" है, न कि कांग्रेस की झूठी गारंटी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानूनी प्रक्रिया के चलते इसमें कुछ समय लगना स्वाभाविक है।

उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश, विशेषकर हमीरपुर जिले में, जनता अब कांग्रेस की नीतियों से पूरी तरह निराश है और लगातार भाजपा से जुड़ रही है। राणा ने बताया कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में 10 लोगों ने अपने परिवार सहित भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहित हमीरपुर जिला में जनता का कांग्रेस की नीतियों से मुंह भंग हो चुका है इसलिए सभी भाजपा का दामन थाम रहे हैं उन्होंने कहा कि आज भी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 लोगों ने परिवार सहित भाजपा का दामन थामा।

# सिंगापुर के होटलों में लूटपाट व मारपीट मामले में 2 भारतीय पर्यटकों को जेल



सिंगापुर, 3 अक्टूबर (समर ब्यूरोः सिंगापुर में छुट्टियां मनाने आए दो भारतीयों को होटल के कमरों में दो यौनकर्मियों को लूटने और उन पर हमला करने के मामले में शुक्रवार को पांच साल एवं एक महीने की जेल और 12 बेंत मारे जाने की सजा सुनाई गई। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के अनुसार, 23 वर्षीय अरोक्कियासामी डाइसन और 27 वर्षीय राजेंद्रन मायिलारसन ने पीड़ितों को लूटने और उन्हें जानबूझकर चोट पहुंचाने का अपराध स्वीकार किया। अदालत को बताया गया कि अरोक्कियासामी और राजेंद्रन भारत से छुट्टियां मनाने 24 अप्रैल को सिंगापुर आए थे। वे दो दिन बाद जब 'लिटिल इंडिया' इलाके में टहल रहे थे तब एक अनजान आदमी उनके पास आया और उसने उनसे पूछा कि क्या उन्हें यौन सेवाएं चाहिएं। इसके बाद उस आदमी ने उन्हें दो महिलाओं के बारे में की जानकारी दी। अरोक्कियासामी ने राजेंद्रन से कहा कि उन्हें पैसों की जरूरत है और उसने सुझाव दिया कि वे महिलाओं से संपर्क करके उन्हें एक होटल के कमरे में बुलाकर लूट सकते हैं जिस पर राजेंद्रन सहमत हो गया। उन्होंने उस दिन शाम लगभग छह बजे एक होटल के कमरे में एक महिला को बुलाया और उसके हाथ-पैर कपड़ों से बांधकर उसे थप्पड़ मारे। उन्होंने उसके गहने, 2,000 सिंगापुरी डॉलर, उसका पासपोर्ट और उसके बैंक कार्ड लूट लिए। उसी रात लगभग 11 बजे उन्होंने दूसरी महिला से एक दूसरे होटल में मिलने का कार्यक्रम तय किया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## शुभमन गिल वनडे के भी बने कप्तान, रोहित-कोहली भी स्क्वॉड में

**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (समर ब्यूरो)**: भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अक्टूबर-नवंबर में तीन वनडे और पांच टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेलने हैं। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा 4 अक्टूबर (शनिवार) को हुई. शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे का भी कप्तान बनाया गया है। टीम सेलेक्शन के लिए अहमदाबाद में चयनकर्ताओं की मीटिंग हुई। जिसमें टीम को लेकर मंथन किया गया। शुभमन गिल ने वनडे कैप्टन के तौर पर रोहित शर्मा की जगह ली है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर को उप-कप्तान बनाया है। वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को जगह मिली है। दोनों को स्पेशलिस्ट बैटर के तौर पर चुना गया है। उधर टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ही रहने वाले है। हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोट के चलते चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।




भारत की 15 सदस्यीय वनडे टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) और यशस्वी जायसवाल। भारत की 16 सदस्यीय टी20 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

# डेराबस्सी के इस खिलाड़ी ने कनाडा में रचा इतिहास



**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठारू)**: डेराबस्सी शहर के होनहार खिलाड़ी नितिन शर्मा कैनेडियन स्नूकर एंड बिलियड्र्स एसोसिएशन (सीएसबीए) की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में जगह बनाते हुए अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय को कनाडा के स्नूकर संघ के बोर्ड में शामिल किया गया है। नितिन शर्मा कनाडा में शीर्ष स्नूकर खिलाड़ियों में गिने जाते हैं और वहां उन्होंने अपनी अकादमी 'द क्यू मास्टर्स' के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को तैयार करने का मिशन शुरू किया हुआ है। बोर्ड में शामिल होने के बाद उनका कहना है कि वे विशेष रूप से जूनियर प्रोग्राम्स और स्कॉलरशिप योजनाओं पर ध्यान देंगे ताकि नई पीढ़ी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। अपनी सफलता पर नितिन शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ उनकी नहीं बल्कि उनके परिवार और पूरे भारत की है। स्नूकर को और ऊंचाइयों पर ले जाना है और नए खिलाड़ियों को हर अवसर प्रदान किया जाएगा, जिसकी उन्हें ज़रूरत है।

# 42वीं इंडियनऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट

## हम प्रायोजन राशि से के लिए 5 लाख रुपये देंगेः डॉ. हिमांशु अग्रवाल



**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (हरजीत मठारू)**: केरल के रहने वाले भारत के 21 वर्षीय ग्रांड मास्टर निहाल सरीन नें अंतत, अपने खेल जीवन का एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। अक्टूबर 2025 की प्रकाशित फीडे रेटिंग सूची में निहाल पहली बार 2700 रेटिंग पर पहुँच गए है और ऐसा करने वाले वे भारत के दसवें शतरंज खिलाड़ी बन गए। निहाल नें यह उपलब्धि फीडे ग्रांड स्विस 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.9 एलो अंक हासिल कर पाई। इससे पहले निहाल लाइव रेटिंग में 2700 के पार पहुंचे जरूर थे पर आधिकारिक रेटिंग आने तक वह उसे कायम नहीं रख पाये थे। निहाल से पहले विश्वनाथन आनंद, कृष्णन शशिकिरण, पेंटाला हरीकृष्णा, विदित गुजराती, अधिबन भास्करन, डी गुकेश, अर्जुन एरीगैसी, आर प्रज्ञानन्दा और अरविंद चितांबरम यह मुकाम हासिल कर चुके है, वर्तमान में भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसके सात खिलाड़ी 2700 रेटिंग के अधिक के है। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला। अर्जुन एरीगैसी 1.5 एलो अंक जोड़कर विश्व नंबर 4 पर लौट आए जबकि आर प्रज्ञानन्दा एक स्थान फिसलकर विश्व नंबर 5 पर आ गए। विश्व चैम्पियन डी गुकेश मई 2024 के बाद पहली बार विश्व टॉप 10 से बाहर हो गए। इसके बावजूद भारत के छह खिलाड़ी अब भी विश्व टॉप 30 में शामिल हैं। महिला वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ी लगातार चमक बिखेर रही हैं। फीडे महिला विश्व कप विजेता ग्रांड मास्टर दिव्या देशमुख फीडे ग्रांड स्विस ओपन में शानदार प्रदर्शन कर विश्व नंबर 11 पर लौट आई। वहीं ग्रांड मास्टर आर वैशाली में लगातार दूसरी बार फीडे ग्रांड स्विस महिला वर्ग का खिताब जीतकर 19.6 एलो अंक जोड़े और विश्व नंबर 15 पर पहुँच गई है। वर्तमान में महिला वर्ग की विश्व टॉप 20 में भारत की चार खिलाड़ी कोनेरु हम्पी (6), दिव्या देशमुख (11), आर वैशाली (15) और हरिका द्रोणावल्ली (18) शामिल हैं। कुल मिलाकर भारत के 12 खिलाड़ी विश्व टॉप 100 और महिला वर्ग में 8 खिलाड़ी विश्व टॉप 100 में मौजूद हैं। संघ स्तर पर देखें तो भारत फिलहाल औसत एलो रेटिंग के आधार पर ओपन वर्ग में अमेरिका से 12 अंक पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर है। महिला और मिश्रित दोनों वर्गों में भारत दूसरे स्थान पर है, जहाँ महिला वर्ग में भारत चीन से 92 अंक और मिश्रित वर्ग में 21 अंक पीछे है।

# निहाल सरीन भारत के दसवें शतरंज खिलाड़ी बने



**चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (स्पोर्ट्स डेस्क)**: केरल के रहने वाले भारत के 21 वर्षीय ग्रांड मास्टर निहाल सरीन नें अंतत, अपने खेल जीवन का एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। अक्टूबर 2025 की प्रकाशित फीडे रेटिंग सूची में निहाल पहली बार 2700 रेटिंग पर पहुँच गए है और ऐसा करने वाले वे भारत के दसवें शतरंज खिलाड़ी बन गए। निहाल नें यह उपलब्धि फीडे ग्रांड स्विस 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.9 एलो अंक हासिल कर पाई। इससे पहले निहाल लाइव रेटिंग में 2700 के पार पहुंचे जरूर थे पर आधिकारिक रेटिंग आने तक वह उसे कायम नहीं रख पाये थे। निहाल से पहले विश्वनाथन आनंद, कृष्णन शशिकिरण, पेंटाला हरीकृष्णा, विदित गुजराती, अधिबन भास्करन, डी गुकेश, अर्जुन एरीगैसी, आर प्रज्ञानन्दा और अरविंद चितांबरम यह मुकाम हासिल कर चुके है, वर्तमान में भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसके सात खिलाड़ी 2700 रेटिंग के अधिक के है। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला। अर्जुन एरीगैसी 1.5 एलो अंक जोड़कर विश्व नंबर 4 पर लौट आए जबकि आर प्रज्ञानन्दा एक स्थान फिसलकर विश्व नंबर 5 पर आ गए। विश्व चैम्पियन डी गुकेश मई 2024 के बाद पहली बार विश्व टॉप 10 से बाहर हो गए। इसके बावजूद भारत के छह खिलाड़ी अब भी विश्व टॉप 30 में शामिल हैं। महिला वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ी लगातार चमक बिखेर रही हैं। फीडे महिला विश्व कप विजेता ग्रांड मास्टर दिव्या देशमुख फीडे ग्रांड स्विस ओपन में शानदार प्रदर्शन कर विश्व नंबर 11 पर लौट आई। वहीं ग्रांड मास्टर आर वैशाली में लगातार दूसरी बार फीडे ग्रांड स्विस महिला वर्ग का खिताब जीतकर 19.6 एलो अंक जोड़े और विश्व नंबर 15 पर पहुँच गई है। वर्तमान में महिला वर्ग की विश्व टॉप 20 में भारत की चार खिलाड़ी कोनेरु हम्पी (6), दिव्या देशमुख (11), आर वैशाली (15) और हरिका द्रोणावल्ली (18) शामिल हैं। कुल मिलाकर भारत के 12 खिलाड़ी विश्व टॉप 100 और महिला वर्ग में 8 खिलाड़ी विश्व टॉप 100 में मौजूद हैं। संघ स्तर पर देखें तो भारत फिलहाल औसत एलो रेटिंग के आधार पर ओपन वर्ग में अमेरिका से 12 अंक पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर है। महिला और मिश्रित दोनों वर्गों में भारत दूसरे स्थान पर है, जहाँ महिला वर्ग में भारत चीन से 92 अंक और मिश्रित वर्ग में 21 अंक पीछे है।

# पैरा चैंपियनशिपः

## कियारा रोड्रिग्ज ने रचा इतिहास, चौथी बार जीता लंबी कूद का स्वर्ण पदक

**4 अक्टूबर (समर ब्यूरो)**: इक्वाडोर की कियारा रोड्रिग्ज ने इंडियनऑयल नयी दिल्ली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 में लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी-47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। कियारा ने 6.29 मीटर की छलांग लगाई, जबकि हंगरी की पेट्रा लुटेरन (5.98 मीटर) ने रजत और डेनमार्क की ब्योर्कर नोएरेमाकर (5.84 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की निमिषा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल ने 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण पोडियम से चूक गई और चौथे स्थान पर रहीं। कियारा इससे पहले 100 मीटर टी-47 में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं और तिहरा पदक हासिल करने की कोशिश में हैं। इस बीच, अमेरिका के माइकल ब्रैनिगन ने पुरुषों की 1500 मीटर टी-20 और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। पदक तालिका में ब्राज़ील (12 स्वर्ण) शीर्ष पर कायम है, जबकि चीन 40 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और भारत (6 स्वर्ण, 5 रजत, 4 कांस्य) चौथे स्थान पर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को 3 विकेट से हराया




**4 अक्टूबर (स्पोर्ट्स डेस्क)**: मिचेल मार्श के नाबाद 103 रन की दमदार पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल-हेडली टी20 श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श ने 52 गेंद में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से अपना पहला टी20 शतक पूरा किया। उनके अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर रहते ही 7 विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के 9 विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया। न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और टॉस 15 मिनट देर से होने के कारण भी उनके बल्लेबाज साझेदारियां बनाने में नाकाम रहे। टिम सिफर्ट ने 35 गेंद में 48 रन बनाकर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने 26 रन देकर 2 विकेट लिए, जेवियर बार्टलेट ने 25 रन देकर 2 विकेट झटके, और सीन एबॉट ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत में ही 62 रन छह ओवर में बन गए थे। मिचेल मार्श ने ईश सोढ़ी पर लगातार छक्कों की मदद से केवल 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड ने मध्य ओवरों में नीशाम की गेंदबाजी के दम पर चार विकेट लिए, लेकिन मार्श ने टीम को मजबूत हाथों से जीत तक पहुंचाया। इससे पहले श्रृंखला का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। मार्श ने पहले मैच में भी 43 गेंद में 85 रन बनाकर टीम की छह विकेट की जीत में अहम योगदान दिया था।

# रूस का यूक्रेन में यात्री ट्रेन पर ड्रोन हमला

**4 अक्टूबर (समर ब्यूरो)**: रूस ने यूक्रेन के खार्कीव-पोल्टावा क्षेत्र में स्थित देश की सबसे बड़ी गैस उत्पादन इकाई नैफ्टोगाज पर मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद उत्तरी सूमी क्षेत्र के शोस्तका रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमला किया, जिसमें कम से कम 30 लोग घायल हुए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को "क्रूर और आतंकवाद" बताते हुए कहा कि यह हमला सीधे यात्री ट्रेन और आम नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जलती हुई बोगियां और उड़ती खिड़कियां दिखाई गईं। उन्होंने कहा कि इस हमले में कई रेलकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुए और दुनिया को इसे नजरअंदाज करने का अधिकार नहीं है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि रूस के ड्रोन ने शोस्तका से कीव जा रही ट्रेन को निशाना बनाया। स्थानीय प्रशासन प्रमुख ओक्साना तरासियुक ने कहा कि चिकित्सक और बचाव दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इससे पहले रूस ने यूक्रेन की पावर ग्रिड और प्राकृतिक गैस प्रतिष्ठानों पर भी हमले किए थे। रूसी ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण लगभग 50,000 घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। क्षेत्रीय संचालक चेर्निहिवोब्लेनेर्गो ने कहा कि उत्तरी शहर चेर्निहिव के निकट ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुईं और कई स्थानों पर आग लग गई। यूक्रेन की सेना ने भी रूस द्वारा उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में एक प्रमुख तेल रिफाइनरी पर हमले का दावा किया है। इस हमले की वजह से नागरिक और बुनियादी सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा है। रूस के लगातार हमले यूक्रेन की बुनियादी सुविधाओं और नागरिक जीवन को निशाना बना रहे हैं, और इससे यूरोप में सुरक्षा और ऊर्जा संकट की चिंताएं बढ़ गई हैं।

